दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली ।। शनिवार 21 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 342 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# इस्तीफे के बाद केजरीवाल का हरियाणा में पहला रोड शो

**नई दिल्ली।** हरियाणा में आप नेता अरविंद केजरीवाल ने एक रोड शो में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कोई भी सरकार आम आदमी पार्टी के बिना नहीं बनेगी। केजरीवाल यमुनानगर के जगाधरी में बोल रहे थे। दिल्ली सीएम पद से इस्तीफे के बाद यह उनका पहला राजनीतिक कार्यक्रम है। हरियाणा की जगाधरी विधानसभा में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को रोड शो किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यह अरविंद केजरीवाल का पहला राजनीतिक कार्यक्रम है। बता दें कि अगले दो हफ्ते में अरविंद केजरीवाल हरियाणा में 10 से ज्यादा उम्मीदवारों के लिए रोड शो करेंगे। जगाधरी विधानसभा में भाषण देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'जगाधरी के लोगों को मेरा राम-राम। इन लोगों ने मुझे फर्जी केस करके जेल में डाल दिया था, आप लोगों ने देखा होगा। मैं 5 महीने जेल में रहा। जेल में उन्होंने मुझे तोड़ने की बहुत कोशिश की। मुझे सामान्य मुजरिम को मिलने वाली सुविधाएं भी नहीं दीं।' उन्होंने




कहा, 'ये मुझे तोड़ना चाहते थे लेकिन इन्हें यह नहीं पता कि मैं हरियाणा का हूं। मेरी रगों में हरियाणा का खून दौड़ रहा है।

तुम किसी को भी तोड़ सकते हो लेकिन हरियाणा वाले को नहीं तोड़ सकते। इन्होंने मेरे साथ जो कुछ भी किया हरियाणा का बच्चा-बच्चा उसका बदला लेगा। इन्होंने (भाजपा) मुझे जेल भेजा अब हरियाणा वाले इन्हें हरियाणा से बाहर भेजेंगे।'

**'मैं भी अग्निपरीक्षा दूंगा' :** अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मैं चाहता तो आराम से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ सकता था। 14 साल के वनवास के बाद जब भगवान राम लौटे थे तो सीता माता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ी थी। इसी तरह केजरीवाल भी अग्निपरीक्षा देगा। ये लोग मेरे ऊपर आरोप लगाते हैं कि केजरीवाल बेईमान और भ्रष्ट है। मैंने दिल्ली की जनता को कहा कि मैं इस्तीफा दे रहा हूं और अगर आपको लगता है कि केजरीवाल चोर है तो मुझे वोट मत देना। और लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तभी वोट देना।'

उन्होंने कहा, 'अगर दिल्ली की जनता को लगता है कि अरविंद केजरीवाल ईमानदार है और दिल्ली की जनता जब दोबारा वोट देकर जिताएगी तभी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा वरना नहीं बैठूंगा। मुझे नहीं लगता किसी भी नेता ने आज तक इतनी हिम्मत की है।'

**'हरियाणा बदलाव चाहता है' :** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा हरियाणा इस वक्त बदलाव चाहता है। जहां भी जाओ पता चलता है कि लोग इन्हें गांव-गली में नहीं घुसने दे रहे हैं। अब तक हरियाणा में एक पार्टी से नाराज होकर दूसरी पार्टी को वोट दे देते थे लेकिन अब एक ईमानदार पार्टी सामने आई है। जब मैं जेल में था इन्होंने हमारे विधायक खरीदने की बहुत कोशिश की। इन्होंने दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सरकार गिराने की धमकी दी। लेकिन इतनी कट्टर ईमानदार पार्टी है कि हमारा एक भी विधायक नहीं टूटा।

उन्होंने कहा कि आप लोगों के पास विकल्प है। एक तरफ यहां से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार आदर्श पाल हैं और दूसरी तरफ आपके शिक्षा मंत्री कंवर पाल हैं। उन्होंने हरियाणा के स्कूलों का बेड़ा गर्ग कर दिया है। पूरे हरियाणा में इस वक्त शिक्षा माफिया चल रहा है। प्राइवेट स्कूल मनमानी फीस बढ़ा रहे हैं। गुंडागर्दी चल रही है और उनकी सरकार उनके साथ मिली हुई है।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमने सरकारी स्कूल शानदार कर दिए हैं और प्राइवेट स्कूलों की गुंडागर्दी भी बंद कर दी है। पिछले 10 साल छोड़ो अगर कंवर पाल ने जगाधरी के लिए एक काम भी किया है तो मुझे बता दो, फिर उसे क्यों वोट देते हो। जगाधरी पीतल के बर्तनों का हब होता था, लेकिन भाजपा ने आपको भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई और बच्चों को नशा दिया।

उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में जो भी सरकार बनेगी आम आदमी पार्टी के सपोर्ट के बिना नहीं बनेगी। आम आदमी पार्टी की इतनी सीटें आ रही हैं, मैंने हिसाब लगाया है कि जो भी सरकार बनेगी, आम आदमी पार्टी के सपोर्ट के बिना नहीं बनेगी। पूरे हरियाणा में सबसे पहली सीट जगाधरी से आदर्श पाल ही जीतेंगे।

# कांग्रेस कर रही है भाजपा के उम्मीदवार घोषित होने का इंतजार

## भाजपा उम्मीदवार का नाम आते ही आ जायेगा कांग्रेस उम्मीदवार का नाम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस भले ही गाजियाबाद से जीत नहीं पाई है, लेकिन बढ़े हुए वोट प्रतिशत ने उसके हौंसलों को बढ़ा दिया है। कांग्रेस को यहां कई ऐसे इलाकों में वोट मिले हैं जिससे उसे सियासी ऑक्सीजन मिली है। ये तय है कि गठबंधन में कांग्रेस ही अपना उम्मीदवार विधानसभा उप चुनाव में लायेगी और समाजवादी पार्टी उसे चुनाव लड़ाएगी। यहां पर अगर कांग्रेस के बढ़े वोट प्रतिशत को देखें और उसकी सियासी चाल को समझने की कोशिश करें तो वो भाजपा के हर मूवमेंट पर नजर रख रही है। यहां बसपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है और आजाद समाज पार्टी ने भी उम्मीदवार घोषित कर दिया है, लेकिन कांग्रेस इन दोनों पार्टियों के सियासी पैंतरों को सीरियस नहीं ले रही। कांग्रेस अपना मुकबला भाजपा से मान रही है और वो इसलिए जहां उम्मीदवार के कद को उसी तराजु पर तोल रही है।

सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस की पूरी निगाहे भाजपा पर है और कांग्रेस का उम्मीदवार भाजपा उम्मीदवार घोषित होते ही हो जाएगा। वो इस बात पर नजर रख रही है कि जातिगत सेक्टर में भाजपा किस कैरेक्टर को लेकर आएगी और यहीं से कांग्रेस मुकाबले में पकड़ बनाएगी। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस अपने पत्ते इसी के बाद खोलेगी।

### साइकिल स्टेंड पर लगाओ फिर हाथ के साथ आओ

गाजियाबाद। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को चुनाव लड़ना है और यहां पूर्व वाले फामूर्ले की उम्मीदें लगाई जा रही हैं। जब सपा-बसपा ने मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था तो पूर्व विधायक सुरेश बंसल को बसपा से लाकर सपाई बनाया गया और फिर उन्हें सपा का गठबंधन उम्मीदवार बनाया गया। विधानसभा चुनाव में सपा-रालोद मिलकर लड़े और पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी रालोद में जाकर चुनाव लड़े। लिहाजा समाजवादी पार्टी के कुछ चेहरे ये चाहते हैं कि उन्हें कांग्रेस टिकट दे दें। ये चेहरे मजबूत चेहरे हैं लेकिन कांग्रेस भी ये चाहती है कि वो पहले कांग्रेस का हाथ थामे और वो साइकिल को स्टेंड पर लगा दें। साइकिल पर सवार होकर कांग्रेस उम्मीदवार बनने की चाह वो ना रखें। ऐसे में वेट एण्ड वाच का सीन चल रहा है।

### आए हैं कांग्रेस में 15 रिज्यूम मगर पार्टी रही है और चेहरे ढूंढ

गाजियाबाद। कांग्रेस में चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों की संख्या एक दर्जन से ज्यादा है। हाल ही में पार्टी पर्यवेक्षक आए थे और कांग्रेस के दावेदारों ने अपने-अपने बायोडाटा उन्हें सौंपे थे। बताया जाता है कि शहर विधानसभा उपचुनाव लड़ने वाले 15 दावेदारों के रिज्यूम कांग्रेस हाईकमान के पास पहुंचे हैं, लेकिन पार्टी अभी भी उम्मीदवार की तलाश में हैं। सूत्र बताते हैं कि इन 15 चेहरों में कई नाम ऐसे हैं जो पहले राउंड की दावेदारी में बाहर हो रहे हैं। ऐसे में पार्टी इस राउंड को नए चेहरों की दावेदारी के साथ और साउंड बनाना चाहती है।

### वैश्य फैक्टर में कितना मजबूत रहेगा सुशांत गोयल का नाम



गाजियाबाद। शहर का चुनाव है और एक-दूसरे पर निगाह रखी जा रही है। सियासत वाले ये मानते हैं कि यहां कांग्रेस इस बात को समझ रही है कि अगर भाजपा ने वैश्य फैक्टर पर फोकस नहीं किया तो यहां इसका सियासी लाभ उसे मिल सकता है। कितना मिलेगा और नहीं भी मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है, लेकिन उम्मीद पर सियासत कायम है। कांग्रेस की बात करें तो यहां पूर्व सांसद स्व. सुरेंद्र प्रकाश गोयल के पुत्र सुशांत गोयल भी दावेदारी में है। उन्होंने अपना बायोडाटा भी चुनाव पर्यवेक्षक को दिया है। यहां चुनावी फाइटर के रूप में उनका नाम आ सकता है। वैश्य फैक्टर में अभी कांग्रेस के पास कोई दूसरा ऐसा चेहरा नजर नहीं आ रहा है। बहरहाल खेल एक-दूसरे पर निगाह रखने का चल रहा है। हालांकि एक और बड़ा वैश्य चेहरा है जिसे तुरुप का इक्का माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने के बाद बढ़ गया है भाजपा में दावेदारी का टैंपरेचर

## सामाजिक कार्यक्रम से लेकर सियासी दफ्तरों तक एक ही चर्चा कि कौन होगा उम्मीदवार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए और यहां उन्होंने पहले सरकारी कार्यक्रम में टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे। रोजगार की घोषणा की और फिर वो भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब 29सितंबर की तारीख पर जोर दिया और कहा कि इस तारीख तक बूथ कमेटी गठित हो जाए, सम्मेलन हो जाए तो भले ही उन्होंने अगली तारीख मुंह से नहीं निकाली, लेकिन यही समझ में आ गया कि अगली महीने यानी अक्टूबर अधिसूचना का महीना है इसलिए सब कुछ सितंबर में होना। क्योंकि मुख्यमंत्री ने ये बात हिंदी भवन



के बाद रामलीला मैदान में दोबारा रिकॉल की।

मुख्यमंत्री के आने के बाद और तारीख तय कर जाने के बाद अब दावेदारों में करंट दौड़ गया है। अब वो कुर्तों में कलफ लगा रहे हैं और दावेदारों में हलफ का लहजा ले आए हैं। मुख्यमंत्री के आने के बाद सियासी पारा बढ़ गया है। हर जगह यही चर्चा है कि उम्मीदवार वैश्य समाज से होगा तो कौन होगा। ब्राह्मण समाज से होगा तो ये चेहरा कौन होगा। क्या पता पार्टी ओबीसी चेहरे को टिकट दे दें और पंजाब समाज से भी उम्मीदवार आ सकता है।

बहरहाल कौन होगा किस समाज से होगा ये चर्चा हर मौके पर चल रही है। वैसे भी अब सियासी पारा लगातार बढ़ेगा और जैसे जैसे ये पारा हाई होगा तो गेम में रोचकता आएगी।

### भले ही मुझे ना मिले लेकिन उसका भी करना है इलाज

गाजियाबाद। दावेदारी का बुखार चढ़ रहा है और खास बात ये है कि दावेदार एक-दूसरे के उपचार में भी लग गए हैं। वो सामने वाले दावेदार का इलाज ढूंढ रहे हैं। हर दावेदार दूसरे दावेदार की कुंडली तैयार कर रहा है। एक-दूसरे की पुरानी फाइल खंगाली जा रही है और सीन ये है कि ह्यहम तो ढूबेंगे सनम तुम्हें भी ले डूबेंगे।

# गाजियाबाद में सीएम की सभा में दिव्यांग का मोबाइल छीना


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सीएम योगी की सभा में लॉ स्टूडेंट को मिले स्मार्टफोन की छिनैती का मामला सामने आया है। 18 सितंबर को मुख्यमंत्री गाजियाबाद आए। घंटाघर रामलीला मैदान में उन्होंने विभिन्न कॉलेजों के 6500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को मोबाइल व टैबलेट बांटे।

छात्र ने बताया मुझे कॉलेज की तरफ से मेरी कुर्सी पर आकर ही मोबाइल प्रदान किया गया। फोन मिलने के गैलरी के छात्र बाहर की तरफ जाने लगे। इसी दौरान कुछ अज्ञात लोग मेरा मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मेरे शोर मचाने पर दोस्त इकट्ठा हो गए, लेकिन तब तक अज्ञात लोग भाग चुके थे।

डीसीपी राजेश कुमार ने कहा कि ये मामला मोबाइल छिनैती का नहीं, बल्कि गुमशुदगी का है। इस पूरे प्रकरण में गाजियाबाद पुलिस की तरफ से डीसीपी राजेश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया- समाचार पत्र/ट्वीट के माध्यम से एक भ्रामक खबर प्रसारित की गई कि कार्यक्रम के दौरान एक लाभार्थी छात्र, जिसे एक मोबाइल मिला था और जब वह मोबाइल लेकर बाहर निकला तो किसी बदमाश ने उसका मोबाइल छीन लिया।

इस संबंध में छात्र से जानकारी की गई। उस छात्र ने बताया कि वह अपने कॉलेज के छात्रों के साथ ब्लॉक बी-2 में बैठा था। उसके टीचर ने सभी को मोबाइल वितरित किया। इस दौरान काफी छात्रों की भीड़ थी। मोबाइल एक हाथ से लेकर दूसरे हाथ से आईडी देने लगा तो उसका मोबाइल वहीं पर गिर गया। छात्रों की भीड़ में से ही किसी ने वह मोबाइल ले लिया। इस संबंध में छात्र ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना भी दर्ज कराई थी। छात्र का मोबाइल लूटने की बात बिल्कुल भ्रामक एवं निराधार है।

# वक्फ बोर्ड एक्ट का विरोध करने वाले, मुस्लिम समुदाय को कर रहे हैं गुमराह : बालेश्वर त्यागी



**ठीक इसी तरह का नैरेटिव वक्फ बोर्ड एक्ट संशोधन को लेकर फैलाया जा रहा है। मुस्लिमों को डराया जा रहा है कि उनकी मस्जिदें, कब्रिस्तान दरगाह छीन ली जाएगी। जबकि उस संशोधन में केवल आगे के लिए उन संपत्तियों के संचालन के संबंध में कानून में संशोधन के प्रस्ताव हैं। उस कानून में किसी मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान या किसी इबादतगाह को छीनने का कोई प्रस्ताव नहीं है।**

**संसद की प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक 7 मुस्लिम संगठनों ने संशोधनों का समर्थन किया है। जनता को सच बताया जाना चाहिए। जनता को सच जानने का हक भी है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वक्फ बोर्ड एक्ट को लेकर ठीक उसी तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं जैसी भ्रांतियां किसी समय सीएए को लेकर फैलाई गई थीं। वास्तव में सीएए किसी की सदस्यता लेने का कानून नहीं है। वह सदस्यता देने का कानून है। वह भी भारत मूल के उन लोगों को पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्ला देश रहते हैं और हिंदू सिख , बौद्ध ,जैन पारसी ईसाई हैं और उनके साथ धर्म के आधार पर वहां भेदभाव होता हो और वे एक निर्धारित तारीख तक भागकर भारत आ गए हों तो उन्हें भारत की सदस्यता दे दी जाएगी। लेकिन भारत के विपक्ष सहित सारे मुस्लिम उलेमाओं और राजनेताओं ने मुस्लिमों को डराया कि उनकी नागरिकता ले ली जाएगी।

ठीक इसी तरह का नैरेटिव वक्फ बोर्ड एक्ट संशोधन को लेकर फैलाया जा रहा है। मुस्लिमों को डराया जा रहा है कि उनकी मस्जिदें, कब्रिस्तान दरगाह छीन ली जाएगी। जबकि उस संशोधन में केवल आगे के लिए उन संपत्तियों के संचालन के संबंध में कानून में संशोधन के प्रस्ताव हैं। उस कानून में किसी मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान या किसी इबादतगाह को छीनने का कोई प्रस्ताव नहीं है। लेकिन इसका विरोध करने वाले सभी मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहे हैं और देश में झूठ बोलकर भय का माहौल बना रहे हैं। ये देश के लिए अच्छा नहीं है। दुर्भाग्यपूर्ण ये है कि सरकार की ओर से भी इसके स्पष्टीकरण के उतने प्रयास नहीं हो रहे हैं।

कल टीवी पर एक कार्यक्रम में मैं एक मुस्लिम नेता को सुन रहा था। वह कह रहे थे कि उस संशोधन प्रस्ताव में ऐसा कुछ भी नहीं है जैसा कहा जा रहा है। उनके कथन के अनुसार 98% लोगों ने उस संशोधन को पढ़ा ही नहीं है। वह कह रहे थे कि बैरिस्टर ओबेसी जैसे पढ़े-लिखे लोग भी लोगों को झूठ परोस कर गुमराह कर रहे हैं।

उधर संसद की प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक 7 मुस्लिम संगठनों ने संशोधनों का समर्थन किया है। जनता को सच बताया जाना चाहिए। जनता को सच जानने का हक भी है।

## हाउस टैक्स को लेकर मेयर सुनीता दयाल ने लिया बड़ा एक्शन

# मौके पर पहुंचकर करा दी पैमाइश और कहा सीलिंग की होगी कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स को लेकर जो मोर्चा नगर निगम में खुला है उसके इफेक्ट अब बाहर तक आ रहे हैं। मेयर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया और वो खुद मौके पर पहुंचीं और उन्होंने एक मॉल का निरीक्षण किया और मौके पर पैमाइश करा दी। मेयर ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू दिल्ली-6 मॉल पर पहुंचकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। मेयर ने कहा कि उपरोक्त मॉल की शिकायत प्राप्त हुई थी जसपर केवल 28 लाख का गृहकर लगाया गया है और वह वही कई वर्ष पर बकाया था जिसपर कोई कार्यवाही अधिकारियों ने नही की और इसी प्रकार और वही अनियमितता पाई गई हैं जिसको लेकर अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हाउस टैक्स बकाया होने के बावजूद क्यों नहीं की सीलिंग की कार्रवाई

मेयर सुनीता दयाल ने हाउस टैक्स बकाया होने के बाद भी सीलिंग की कार्रवाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिसमें महापौर ने अधिकारियों को खूब फटकार लगाई है। महापौर ने मोके पर अधिकारियों से पूछा है कि जब उपरोक्त मॉल पर गृहकर बकाया होने के बाद सीलिंग की कार्यवाही नही करने पर महापौर ने नाराजगी जाहिर की है।

### एक दुकान पर दो पिन हुए जेनरेट और टैक्स में पाई गई गड़बड़ी

मेयर सुनीता दयाल ने जब निरीक्षण किया तो पता चला कि इस मॉल पर 1 करोड़ 36 लाख का गृहकर बकाया है और 688 दुकान में से केवल 224 दुकानों पर ही गृहकर लगाया गया है साथ ही कुछ विसंगति भी पाई गई हैं जैसे 1 दुकान पर 2 पिन जनरेट किये गए एक का ग्रहकर 37 हजार और दूसरे का 19 हजार है जिसमें महापौर ने अधिकारियों को खूब फटकार लगाई है। साथ ही कुछ दुकानों पर ग्रहकर लगा है लेकिन उनमें भी कम टैक्स लगाया गया है इन सभी मामलों को लेकर महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाई है और एक सप्ताह के अंतराल में या तो गृहकर वसूली की जाए या सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ महापौर से अधिकारियों से मॉल में फीता डलवाकर सही पैमाइश करवाई है ओर अधिक गृहकर बढ़ना संभावित है।

### मेयर ने कहा ठीक से हुई वसूली तो दो हजार करोड़ से अधिक मिलेगा हाउस टैक्स

महापौर ने यह भी बताया कि शहर में ग्रहकर बढ़ोतरी की कार्यवाही न करके अधिकारी व्यवसायिक भवनों आदि पर टैक्स पूर्व से लगा है उन्ही के गृहकर को ठीक पैमाइश कर गृहकर वसूलने पर कार्य करेंगे तो इस शहर से ही लगभग 2 हजार करोड़ से ऊपर ग्रहकर हो जाएगा।

### मेयर ने कहा जनता पर नहीं पड़े हाउस टैक्स का बोझ और नगर निगम की आय में हो वृद्धि

मेयर ने कहा कि मैं लगातार शहर में गृहकर में हो रही अनियमिताओं का प्रकाश डाल रही हूँ जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके और जनता पर गृहकर वृद्धि का बोझ भी न पड़ सके,जो ठीक ग्रहकर है उसी को वसूला जाए, न किसी से एक पैसा ज्यादा न किसी से एक पैसा कम। इस दौरान जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता,कर अधीक्षक रामवाली पाल, अवर अभियंता नागेन्द्र शर्मा,कर निरीक्षक अरुण आदि उपस्थित रहे।

# अखिलेश ने सीएम योगी पर की तल्ख टिप्पणी, डिप्टी सीएम केशव बोले- सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी की। जिस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ ही अन्य भाजपा नेताओं ने उन्हें अपने निशाने पर ले लिया। यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा व भाजपा नेताओं के बयानों में तल्खी बढ़ गई है। इस बयानबाजी में पार्टी के अन्य नेता भी शामिल हो गए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को एक्स पर दिए गए एक बयान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाषा से पहचानिए असली संत महंत, साधु वेष में घूमते जग में धूर्त अनंत। इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होंने अखिलेश यादव से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव आप कांग्रेस के मोहरा और राहुल गांधी के दरबारी बनने के बाद से भाषा की मयार्दा भूल गए हैं और आपकी बयानबाजी से




केवल संपूर्ण संत समाज का ही नहीं प्रदेश की 25 करोड़ जनता का भी अपमान हो रहा है। ऐसे बयान के लिए आप सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगें। आपकी भाषा ही सपा को समाप्त वादी पार्टी बनायेगी।

अखिलेश के इस बयान के बाद भाजपा के अन्य नेता भी सपा अध्यक्ष पर हमलावर हो रहे हैं। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि समाजवाद का चोला ओढ़े, घूम रहे जयचंद। संस्कार बोल रहे हैं, कौन है संत महंत। वहीं, भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'जातिवाद' की राजनीति लोकतंत्र के मस्तक पर सबसे बड़ा कलंक है!

इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और अखिलेश यादव पर तीखे हमले किए थे। उन्होंने अखिलेश यादव को गुंडों को शरण देने वाला और भ्रष्टाचार करने वाला करार दिया था। वहीं, अखिलेश यादव ने कहा था कि मेरी और सीएम योगी की तस्वीर एक साथ रखकर देख लो पता चल जाएगा कि माफिया कौन है? कयास लगाए जा रहे हैं कि उपचुनाव की तारीखों का एलान जल्द ही किया जाएगा।

भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य की राह में सबसे बड़ी बाधा है 'जातिवाद'!
'जातिवाद' की राजनीति समाज में वैमनस्यता और विभाजन के बीज बोती है!
'जातिवाद' की जकड़न में कराहते लोकतंत्र को देखकर हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की आत्मा व्यथित हो जाती होगी!
'जातिवाद' अशिक्षित नेताओं की स्वकेंद्रित राजनीति का सबसे बड़ा हथियार है!
जातिवाद की राजनीति एक जहर है!!

# जनता की अदालत में रखेंगे अपनी बात ईमानदारी का प्रमाण पत्र लेकर ही बनेंगे मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी जंतर मंतर पर जनता की अदालत का आयोजन करेगी। जनता की अदालत में अरविंद केजरीवाल अपनी बात रखेंगे। केजरीवाल ने कहा था कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे जब जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र देगी। आम आदमी पार्टी जंतर मंतर पर जनता की अदालत का आयोजन करेगी। जनता की अदालत में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी बात रखेंगे। केजरीवाल ने इस्तीफा देते हुए कहा था कि वो जनता की अदालत में जाएंगे। 22 सितंबर को 11 बजे जंतर पर जनता की अदालत होगी। केजरीवाल ने कहा था कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे जब जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र देगी।



अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए कहा था कि वे तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती कि केजरीवाल ईमानदार है। दिल्ली की जनता के आदेश के बाद ही वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे।

## 21 को आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह

आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आतिशी की कैबिनेट में केजरीवाल सरकार के सभी चारों मंत्रियों को दुबारा से मंत्रीपद दिया जा रहा है। वहीं, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे। कैबिनेट में अभी भी एक स्थान खाली है। पार्टी में इसके लिए मंथन चल रहा है। संभावना है कि शपथ ग्रहण से पहले इस पद के लिए नाम का भी कर दिया जाए।

आतिशी के नेतृत्व में बनने वाली नई सरकार में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन मंत्री होंगे। चारों मंत्री केजरीवाल कैबिनेट का भी हिस्सा रहे हैं। सभी को उनके काम का इनाम दिया गया है। आप व आतिशी ने इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की है। वहीं, सुल्तानपुरी से विधायक मुकेश अहलावत उनकी कैबिनेट में नया चेहरा होंगे। पहली बार विधायक बने मुकेश सरकार में अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व करेंगे। केजरीवाल कैबिनेट में राजकुमार आनंद इसी श्रेणी से आते थे।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर भेजेंगे: अमित शाह

**साहिबगंज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया। इस मौके पर अमित शाह ने साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा झारखंड में भ्रष्ट और बांग्लादेशी-रोहिंग्या घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार को हटाकर राज्य का विकास करने वाली भाजपा की सरकार बनाने का संदेश घर-घर पहुंचाएगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संथाल परगना से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर वापस भेजेंगे, यह हमारा वादा है। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए कहा कि इन्होंने एक हजार करोड़ का मनरेगा घोटाला, 600 करोड़ का जमीन घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला और 40 करोड़ का शराब घोटाला किया है। ये लोग सेना की जमीन तक खा गए।



ऐसी सरकार कभी झारखंड के लोगों और आदिवासियों का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य सिर्फ हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार को हटाकर भाजपा को लाना नहीं, बल्कि झारखंड में एक ऐसी सरकार बनाना है, जो भ्रष्टाचार को रोके और बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां से बाहर भेज सके। आज झारखंड के पाकुड़ जिले में ह्यहिंदुओं और आदिवासियों झारखंड छोड़ो के नारे लगते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि ये भूमि हमारे आदिवासियों की है या बांग्लादेशी-रोहिंग्या की? हमें इस धरती को बचाना है और यह काम हेमंत सोरेन और कांग्रेस की सरकार कभी नहीं कर सकती क्योंकि घुसपैठिए उनके वोट बैंक हैं। यह काम सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ही कर सकती है। अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय, झारखंड सरकार के साथ इसकी जांच के लिए एक कमेटी बनाएगी। झारखंड का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने किया था। इसके पीछे का उद्देश्य जनकल्याण था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जनकल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण वाला राज्य बना दिया।

हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि इन्होंने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे, लेकिन युवा बताएं कि क्या उन्हें नौकरी मिली? सच तो यह है कि उन्होंने युवाओं को नौकरी देने की जगह ऐसा नियम लागू किया कि दौड़ लगाते-लगाते युवाओं की मौत हो रही है।

# ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र डीवीसी के साथ करार तोड़ने की दी धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण बंगाल के कई जिलों में आई बाढ़ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। ममता ने मोदी को लिख पत्र ने कहा है कि, राज्य दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी संबंध तोड़ देगा क्योंकि उसने एकतरफा पानी छोड़ा है, जिसके कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बाढ़ आ गई है। बता दें कि, डीवीसी की ओर से लगभग 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने की वजह से पूर्व बर्धमान, पश्चिम बर्धमान, बीरभूम, बांकुड़ा, हावड़ा, हुगली, पूर्व मेदिनीपुर और पश्चिम मेदिनीपुर विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं। मोदी को लिखे पत्र में उन्होंने बाढ़ से हुई व्यापक तबाही से निपटने के लिए तत्काल केंद्रीय निधि जारी करने का अनुरोध किया। बीजेपी



नेता ने आगे कहा कि, क्या वह इस तरह की टिप्पणियों के परिणामों से पूरी तरह वाकिफ हैं या फिर केवल जनता को सांत्वना देने के लिए ऐसा कर रही हैं? उन्होंने जोर देकर कहा कि, अगर ममता बनर्जी डीवीसी से संबंध तोड़ती हैं, तो आठ जिलों की बिजली चली जाएगी।

## '2009 से बड़ी बाढ़ का सामना कर रहे हैं दक्षिणी बंगाल'

ममता ने पत्र में लिखा कि, राज्य इस वक्त लोअर दामोदर और आसपास के इलाकों में 2009 के बाद सबसे बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि आप इस मामले पर गंभीरता से विचार करें और संबंधित मंत्रालयों को इन मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में संबोधित करने का निर्देश दें। जिसमें सबसे अधिक पीड़ित लोगों के हित में व्यापक बाढ़ प्रबंधन कार्य करने के लिए पर्याप्त केंद्रीय निधियों की मंजूरी शामिल है। ममता बनर्जी ने मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि, मैं इसे मानव निर्मित बाढ़ कहने के लिए मजबूर हूं, यह एक ऐसी स्थिति है जो पूरी तरह से अनदेखी की वजह से उपजी है। हम महसूस करते हैं कि अगर इस मानव निर्मित आपदा को अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संतुलित बांध डैम मैनेजमेंट किया गया होता, तो हमारे लोगों को इस परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।

## ममता के बयान पर भड़के सुवेंदु अधिकारी

। बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और बीजेपी विधायक सुवेंदु अधिकारी ने की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि, अगर उन्होंने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) से संबंध तोड़ लिए तो दक्षिणी बंगाल के कई जिले अंधेरे में डूब जाएंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल उठाया कि क्या बनर्जी खुद को प्रधानमंत्री के समकक्ष मानती हैं।

# लड़की ने मेट्रो के सामने छलांग लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर एक युवती ने मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। घटना के बाद घायल अवस्था में पीड़िता को पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उसकी पहचान करने में जुट गई है। हादसे की वजह से 20 मिनट ट्रेन का परिचालन बाधित रहा। इससे पहले ग्रीन लाइन के बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन पर 13 सितंबर को भी एक युवती ने मेट्रो के सामने कूदकर जान दे दी थी। मृतका की पहचान 25 वर्षीय ईशू निवासी सांपला के रूप में हुई थी। जानकारी के अनुसार वह दिल्ली स्थित एक बड़े अस्पताल में नर्स थी और डॉक्टर की पढ़ाई भी कर रही थी। युवती ने किन कारणों के चलते यह कदम उठाया, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। बताया जा था कि ईशू डॉक्टरी की पढ़ाई भी कर रही थी। उसके अंक कम आए थे। संभवतः इसी कारण उसने यह कदम उठाया।

## 20 मिनट बाधित रहा परिचालन



# सेकेंडरी एग्रीकल्चर को प्रोत्साहित करने से सशक्त होंगे देश के किसान: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए सेकेंडरी एग्रीकल्चर की गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को रांची के नामकुम स्थित ह्यनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर (निसा) की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधार एवं विकास और किसानों की सहायता के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कृषि आधारित उद्योगों के विकास, एफपीओ और पैक्स जैसे संगठनों के विस्तार, दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम, प्राकृतिक खेती के विकास और सप्लाई चेन को सशक्त करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को और सशक्त बनाने के लिए मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन सहित अन्य सेकेंडरी एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की जरूरत है। 21वीं सदी में हमारे देश में कृषि क्षेत्र में तीन बड़ी चुनौतियां क्रमशः खाद्य पोषण एवं संरक्षण को बनाए रखना, संसाधनों का सस्टेनेबल इस्तेमाल सुनिश्चित करना और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कदम उठाना हैं। इन चुनौतियों का सामना करने में सेकेंडरी एग्रीकल्चर काफी मददगार साबित हो सकता है। किसानों को प्राथमिक खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन जैसी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाए तो उन्हें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। राष्ट्रपति ने रांची स्थित नेशनल



इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंडरी एग्रीकल्चर के 100 वर्षों की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस संस्थान ने लाह फार्मिंग, वैज्ञानिक तरीके से इसके उत्पादन और प्रसंस्करण में सराहनीय कार्य किया है।

# लालू परिवार की बढ़ी मुश्किल, लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को जांच की मिली मंजूरी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई को उनके खिलाफ जांच की मंजूरी दे दी है। जांच एजेंसी ने मंजूरी की कॉपी राउज एवेन्यू कोर्ट में जमा करा दी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। इसके अलावा, सीबीआई ने इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच की अर्जी भी गृह मंत्रालय को दे रखी है। जांच एजेंसी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें यह मंजूरी मिल जाएगी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य आरोपियों को समन जारी किया है।



कोर्ट की ओर से इन सभी को 8 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा गया है। तेज प्रताप यादव को पहली बार इस मामले में समन मिला है। इस मामले में 30 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ जांच की मंजूरी का इंतजार सीबीआई को है। सीबीआई ने अन्य आरोपियों की मंजूरी के लिए 15 दिन का और समय मांगा है। लालू प्रसाद यादव पर आरोप है कि उन्होंने 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहते हुए नियमों को ताक पर रख कर ग्रुप डी में लोगों को उनकी जमीन अपने नाम पर लिखवाकर नौकरी दी थी। इस प्रकरण की जांच में सीबीआई और ईडी जुटी है। इससे पहले, इसी मामले में 18 सितंबर को ईडी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। अब इस मामले में कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है।

# तिरुमला के प्रसाद में मिलावट का खुलासा हुआ, जगन सरकार पर आरोप



**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश का तिरुपति बालाजी मंदिर इन दिनों सुर्खियों में है। दरअसल, आंध्र प्रदेश की मौजूदा सरकार ने पिछली जगन मोहन सरकार के दौरान मंदिर के लड्डू प्रसाद में मिलावट का आरोप लगाया है। हालांकि, वाईएसआर पार्टी ने तमाम आरोपों से इनकार किया है। इसके साथ ही विपक्षी दल ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि वह बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। उधर केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है और कहा कि एफएसएसएआई लैब रिपोर्ट की जांच करेगा। आरोप-प्रत्यारोपों के साथ आंध्र प्रदेश से लेकर पूरे देश में सियासत तेज हो गई है। कई संगठनों ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। आइये जानते हैं कि तिरुमला के लड्डू का क्या इतिहास है? यह कैसे बनाए जाते हैं? इसमें मिलावट की बात कब और कैसे आई? जगन सरकार पर क्या आरोप लगे? वाईएसआर पार्टी ने आरोपों पर क्या कहा है?

## मंदिर में कितना लड्डू बनाया जाता है?

तिरुमला मंदिर में लड्डू की तैयारी में बड़े पैमाने पर उत्पादन प्रक्रिया शामिल होती है। रोजाना लगभग एक टन बेसन, 10 टन चीनी, 700 किलो काजू, 500 किलो मिश्री और 300-500 लीटर घी का उपयोग किया जाता है। इतनी बड़ी मात्रा के बावजूद लड्डू अपने अद्वितीय स्वाद और सुगंध को बरकरार रखता है। समय के साथ-साथ लड्डू बनाने के लिए आधुनिक तकनीकें भी आईं। 1984 से रसोई में लकड़ी की जगह एलपीजी ने ले ली और आज, हर दिन करीब 2.5 लाख लड्डू बनाए जाते हैं। हालांकि, इतनी बड़ी मात्रा में लड्डू के मूल स्वाद को बनाए रखना एक चुनौती बनी हुई है। गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, टीटीडी ने कई बार सामग्री के अनुपात (दित्तम) में बदलाव किया है। लड्डू को 2009 में भौगोलिक संकेत (जीआई) का दर्जा प्राप्त हुआ।

## मंदिर में कितने तरह के लड्डू मिलते हैं?

तिरुमाला में तीन प्रकार के लड्डू चढ़ाए जाते हैं। पहला है अस्थानम लड्डू जो विशेष उत्सवों के दौरान तैयार किया जाता है और गणमान्य व्यक्तियों को वितरित किया जाता है। दूसरा है कल्याणोत्सवम लड्डू, जो अर्जित सेवा में भाग लेने वाले भक्तों को दिया जाता है। तीसरा प्रोक्तम लड्डू, जो दर्शन के बाद सभी भक्तों को दिया जाता है।

## तो लड्डू में मिलावट का आरोप कब और कैसे सामने आया?

हाल के समय में लड्डू की गुणवत्ता पर आलोचना हुई तो जून 2024 में आंध्र प्रदेश में आई नायडू सरकार ने श्यामला राव को टीटीडी का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया। कार्यभार संभालने के बाद जुलाई में श्यामला राव ने लड्डू की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया। एक सप्ताह बाद सभी पहलुओं की जांच करने वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी। दुनियाभर में मशहूर तिरुमला का लड्डू प्रसाद उस वक्त

## शुरू हुई जांच की मांग

पहले मुख्यमंत्री की टिप्पणी और फिर लैब रिपोर्ट का हवाला, इससे मसला राजनीति का केंद्र भी बन गया। आंध्र प्रदेश भाजपा ने पूरी घटना की जांच की मांग की और पिछली वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार पर 'घोर हिंदू विरोधी' होने और टीटीडी के फंड का गलत प्रबंधन करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष डोडारेड्डी रामभूपाल रेड्डी ने भी सीबीआई जांच की मांग की। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि सीएम नायडू अपने आरोपों पर कायम हैं तो औपचारिक जांच की जरूरत है।

## वाईएसआर ने आरोपों पर क्या जवाब दिया?

जारी विवाद के बीच वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सांसद और टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। वाईएसआर सांसद ने कहा कि नायडू ह्यसियासी लाभ के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं ह्व उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा करके मुख्यमंत्री ने ह्यमंदिर की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्थाह्व को नुकसान पहुंचाया है।

## विवाद में अब आगे क्या?

तिरुमला प्रसाद में मिलावट का मुद्दा अब अदालत की चौखट तक भी पहुंच गया है। वाईएसआर कांग्रेस ने तिरुमाला लड्डू प्रसाद पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू द्वारा लगाए गए आरोपों को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पार्टी की ओर से वकीलों ने आरोपों को हाई कोर्ट बेंच में जिक्र किया है। पार्टी ने मौजूदा न्यायाधीश या उच्च न्यायालय से टिप्पणियों की जांच के लिए एक समिति गठित करने को कहा है। पीठ ने कहा कि वह अगले बुधवार को दलील सुनेगी।
उधर केंद्र सरकार ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने तिरुमाला लड्डू प्रसाद में मिलावट पर मुख्यमंत्री नायडू से फोन पर बात की है और आंध्र प्रदेश सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) रिपोर्ट की जांच करेगा और पूरी जांच की जाएगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



# घी सप्लायर ने जांच नहीं होने का फायदा उठाया मंदिर प्रशासन लड्डू विवाद पर पहली बार बोला

**आंध्र प्रदेश।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद को लेकर लगातार विवाद गहराता जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा इस मामले की जांच करने की बात कही गई है। अब इस मामले पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की प्रतिक्रिया सामने आई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने शुक्रवार को कहा कि घी आपूर्ति करने वालों ने मंदिर प्रशासन के पास अंतरिक जांच सुविधा की कमी का फायदा उठाया है। उनके खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## 'सीएम नायडू ने प्रसादम को लेकर चिंता जताई थी'

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की कार्यकारी अधिकारी श्यामला राव ने इस मामले पर कहा कि, जब मैंने टीटीडी की कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभाला था, तो मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने खरीदे गए घी और लड्डू की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की थी। जिसे बहुत पवित्र माना जाता है और भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को 'प्रसादम' के रूप में चढ़ाया जाता है। वह चाहते थे कि मैं यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाऊं कि इस मंदिर की पवित्रता बहाल हो। जिसमें गाय के दूध का शुद्ध घी शामिल है। हमने इस पर मामले पर काम करना शुरू किया है। तब हमने पाया कि हमारे पास घी में मिलावट की जांच करने के लिए कोई आंतरिक प्रयोगशाला नहीं है। बाहरी प्रयोगशालाओं में भी घी की गुणवत्ता की जांच करने की कोई व्यवस्था नहीं है।

## हमने सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए भेजे थे- टीटीडी

उन्होंने कहा कि, इसके अलावा घी सप्लाई करने वाले ठेकेदार की कीमतें भी अव्यवहारिक थीं। वे इतनी कम हैं कि कोई भी कह सकता है कि शुद्ध गाय का घी इतने कम पैसों से नहीं खरीदा जा सकता है। हमने सभी आपूर्तिकताओं को चेतावनी दी, कि यदि आपूर्ति किया गया घी प्रयोगशाला परीक्षण में पास नहीं हुआ तो उन्हें ब्लैक लिस्ट में डाल दिया जाएगा। हमने सभी नमूने एकत्र किए और इसे टेस्टिंग के लिए भेज दिया। सरकार की यह सर्वोत्तम प्रयोगशाला है और यह पूर्ण तौर पर सरकार द्वारा नियंत्रित है। जांच के बाद जो रिपोर्टें सामने आईं, वह चौंकाने वाली हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...












# भूकंप और आगजनी की घटनाओं से थर्राया गाजियाबाद!
## प्रशासन के इमरजेंसी ऑपरेशन से मिली लोगों को बड़ी राहत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को गाजियाबाद में काफी अफरा तफरी का माहौल रहा। सुबह ग्यारह बजे भूकंप और आगजनी की घटनाओं से गाजियाबाद थर्रा गया। हर तरफ अफरा तफरी का माहौल नजर आ रहा था अगर स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन ने त्वरित एक्शन न लिया होता तो बड़ी घटनाएं सामने आ सकती थी। काफी लोग हताहत हो सकते थे। सुबह साढ़े दस बजे जहां भूकंप के झटके महसूस हुए वहीं ग्यारह बजे हाईराइज सोसायटी वीवीआईपी के डी ब्लॉक की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लेट में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं दोपहर बारह बजे लोनी के एचपीसीएल में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त होते ही एसडीएम लोनी (इंसीडेंट कमांडर) का मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया गया और लोगों का इलाज कराया गया। यह आपदा प्रबंधन का मॉक ड्रिल था।






### भूकंप के झटकों से इंग्राहम इंटर कॉलेज में दहशत, अधिकारियों ने संभाला मोर्चा!

गाजियाबाद। सुबह साढ़े दस बजे भूकंप के झटकों का प्रभाव राजनगर स्थित इंग्राहम इंटर कॉलेज में दिखाई दिया। यहां पर आपदा को लेकर मुस्तैद प्रशासन की टीम ने त्वरित एक्शन लिया। सूचना प्राप्त होने के बाद एडीएम फाइनेंस सौरव भट्ट डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर पहुंचे यहां से उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी और राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन टीम को सूचित किया। इसके बाद ये तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। सिविल डिफेंस, आपदा मित्र, पुलिस फायर की टीम, पीएसी 41



बटालियन, एनसीसी और एनडीआरएफ की तमाम टीमें स्कूल पहुंच गई। जहां इन सब की ओर से काफी तेजी से बचाव कार्य किया गया। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने अस्थाई अस्पताल का निर्माण किया। जिसमें भूकंप पीड़ित बच्चों का इलाज किया गया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की विशेष टीम ने उनका इलाज किया।



### वीवीआईपी एड्रेसेस की सोसायटी की सातवीं मंजिल पर लगी आग, मचा हड़कंप!

गाजियाबाद। शक्रवार का दिन जिला प्रशासन और पुलिस ने काफी चुनौतियों से भरा रहा। एक ओर जहां इंग्राहम स्कूल में आपदा प्रबंधन के कर्मी बच्चों को पूरी मदद पहुंचा रहे थे वहीं ग्यारह बजे सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी एड्रेसेस सोसायटी की डी टावर सातवीं मंजिल पर आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही वैशाली फायर स्टेशन और कोतवाली फायर स्टेशन को तत्काल सूचना दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तत्काल एंबुलेंस भेजी गई। विशेष रूप से ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया ताकि बचाव कार्य त्वरित गति से हो सके। क्रेन के माध्यम से जहां आग पर काबू पाया गया वहीं फायर टीम द्वारा फंसे हुए लोगों को अस्थायी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।

### लोनी के एचपीसीएल में हुई आगजनी की घटना!

गाजियाबाद। इंग्राहम और राजनगर एक्सटेंशन की घटना से जूझ रहे आपदा प्रबंध के अधिकारियों को संभलने का मौका ही नहीं मिला था कि तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि लोनी के एचपीसीएल में आगजनी की बड़ी घटना हो गई है। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा कर दी। सूचना प्राप्त होते ही लोनी के इंसिडेंट कमांडर एवं उपजिलाधिकारी लोनी तुरंत टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग की टीमों ने पहुंचकर व्यवस्थाओं को संभाला। त्वरित आग बुझाने की कार्रवाई हुई और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया।







### चेहरे पर रखिए मुस्कान, ये था सिर्फ आपदा प्रबंधन का मॉकड्रिल प्रोग्राम



गाजियाबाद। चेहरे पर मुस्कुराहट रखिए, बिल्कुल भी टेंशन मत लीजिए मगर सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहिए। जिन घटनाक्रमों का जिक्र इस खबर में हुआ है वो घटनाक्रम शुक्रवार को कहीं भी गाजियाबाद में नहीं हुए। ये सिर्फ आपदा से निपटने की क्या तैयारियां गाजियाबाद आपदा प्रबंधन की है उसको लेकर मॉकड्रिल था। मॉकड्रिल यानि एक ऐसा अभियान जो काल्पनिक परिस्थितियों के आधार पर तैयार किया जाता है। यहां पर काल्पनिक रूप से आपदा की परिस्थितियां तैयार की जाती हैं। इन परिस्थितियों को नाट्य रूपांतरण देने के लिए आपदा मित्र सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स और पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मी अंजाम देते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को एडीएम वित्त सौरव भट्ट और तमाम अधिकारियों के नेतृत्व में ये मॉकड्रिल चलाया गया। भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्स के संयोजन में अभियान चला। इस अभियान में तमाम उन परिस्थितियों को लाया गया जो किसी असली आपदा के समय दिखाई देती हैं। कैसे आपदा से निपटने के लिये जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की टीम कार्रवाई की करेगी उसका पूरा ड्रिल होता है। शुक्रवार हुआ ये ड्रिल काफी कामयाब रहा। अभियान में शामिल सभी आपदा प्रबंधन की यूनिट की प्रमुख भूमिका रही।

# क्या भाजपा नेता केके शुक्ला की बात में है वाकई दम
## जब ली सीएम ने बैठक तो शहर विधानसभा से कार्यकर्ता थे कम!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में हर चीज का विश्लेषण होता और खासतौर से जब चुनावी मौसम हो तो हर बात के मायने निकाले जाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब से गाजियाबाद में कार्यकताओं की बैठक लेकर गए हैं और बूथ कमेटी के निर्देश देकर गए हैं तब से गाजियाबाद का भगवा सियासी पारा हाई है। कार्यकर्ता मुखर हो गए हैं और दावेदार भी अपने से ज्यादा दूसरे दावेदार के इलाज की चिंता में हैं। वो कुंडली खंगाल रहे हैं और लहजे में मुखरता आ गई।




सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी जा रही है और यहां वरिष्ठ भाजपा नेता ने फेसबुक पर एक ऐसा विषय रखा जिसकी चर्चा भाजपा के कई फेस कर रहे हैं।

केके शुक्ला भाजपा के पुराने नेता हैं। वो भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे हैं और विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। लाइनपार क्षेत्र में वो सक्रिय रहते हैं। बड़ी बात ये है कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए और शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकताओं की बैठक ली तो इस बैठक में केके शुक्ला ही मौजूद नहीं थे।


K K Shukla

K K Shukla
23h

कल आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी जी गाजियाबाद के उपचुनाव के संदर्भ में एक बैठक की ।इस बैठक में उपस्थित बड़े नेता, महानगर या क्षेत्रीय प्रमुख बता सकते है जिस विधानसभा के लिए बैठक थी उस विधान सभा के कितने प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे, या सब सिर्फ कागजों में ही चुनाव प्रचार कर रहे है ।चुनाव किसी विधान सभा का और संख्या कही और से। चुनाव शहर विधान सभा का है जो दो भागो में बटा है शहर और लाइन पार।

Like Comment Send Share
You, Krishan Bir Chaudhary and 45 others

केके शुक्ला मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी नहीं थे और अकेले केके शुक्ला ही नहीं शहर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले लाइनपार क्षेत्र के कई भाजपाई चेहरे कार्यक्रम में नहीं थे।

केके शुक्ला सोशल मीडिया पर जो बात लेकर आए उस बात में कितना दम है ये नेता बता सकते हैं, लेकिन केके शुक्ला ने जिम्मेदार चेहरे की बात और उन्होंने महानगर संगठन से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष को टारगेट पर ले लिया। केके शुक्ला ने सोशल मीडिय पर एक पोस्ट डाली और उन्होंने सीधे-सीधे महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया से सवाल पूछ लिया।

केके शुक्ला ने पूछा की मुख्यमंत्री ने जब शहर विधानसभा की बूथ कमेटियों वाली बैठक ली तो शहर विधानसभा के कितने कार्यकर्ता थे।

केके शुक्ला का दावा है कि शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर बैठक हो रही थी और इस बैठक में शहर विधानसभा से ही सबसे कम कार्यकर्ता थे। हालांकि ये सवाल थोड़ा तल्ख है, लेकिन मौका और परिस्थतियों के हिसाब से सवाल में दम है। क्या वास्तव में मुख्यमंत्री वाली बैठक में शहर विधानसभा से कार्यकर्ता कम थे।

बहरहाल केके शुक्ला ने एक बड़ा दावा और किया और उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा के कम से कम सौ ऐसे भाजपाई नाम हैं जो इस बैठक में बुलाए जा सकते थे। यानि इसका मतलब ये है कि शहर विधानसभा की सौ कार्यकताओं को बुलाया नहीं गया। बहरहाल केके शुक्ला की यह पोस्ट भाजपा में एक फोन से दूसरे फोन तक टहल रही है। एक सवाल जो उन्होंने खड़ा किया है उस सवाल का हल सभी तस्वीरों में तलाश रहे हैं।

# जब नाले के अतिक्रमण को हटाने पहुंची जेसीबी को लौटना पड़ गया तीन स्थानों से बैरंग
## जेसीबी वाले ने पार्षद से कहा- आपसे ना हो पाएगा, फोन है उधर से सियासी दबंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नाला अपने सीजन में उफान पर होता है और भले ही नाला अतिक्रमण कर रहा हो, लेकिन जिनका बोलबाला होता है उनके सामने बड़ा सवाल अतिक्रमण नहीं नाला होता है। किस्सा नदिया पार इलाके का है और पीड़ा भाजपा पार्षद की जुबानी बाहर आई है। एक नाले पर अतिक्रमण की शिकायत भाजपा पार्षद ने की और जब निगम का दस्ता जेसीबी लेकर अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो यहां पार्षद से बड़े फोन सिफारिश में आ गए। फोन ही उस स्तर के थे कि पार्षद से लेकर निगम दस्ते की टोन चेंज हो गई। अंत में ये हुआ कि जेसीबी ही वापस हो गई और जेसीबी वालों का लहजा ऐसा था कि मेंबर साहब तुमसे ना हो पाएगा क्योंकि हम समझ रहे हैं कि फोन ही इतने सियासी दबंग है कि हम यहां से लौट रहे बैरंग हैं।

किस्सा एक भगवा कमिश्नर के कार्यालय पर गूंज रहा था। वहां स्थानीय पार्षद बैठ हुए थे और उन्होंने अतिक्रमण की कथा को और अपने मन की व्यथा को मुस्कुराते हुए बताया। बड़ी सिफारिश कैसे छोटी सिफारिश पर भारी पड़ती है ये बताया। उन्होंने बताया कि हमारे क्षेत्र में एक नामी रेस्टोरेंट के बाहर नाले पर अतिक्रमण था और नाला ढका हुआ था। नाले का पानी बैक मार रहा था। पार्षद ने खत लिखा और खत में लिखा कि अतिक्रमण हटाया जाये। पार्षद के पत्र में जान थी, निगम अधिकारी ने संज्ञान लिया और जेसीबी लेकर टीम पहुंच गई।

इससे पहले कि नाले के रैंप पर जेसीबी का पंजा चलता उससे पहले ही रेस्टोरेंट वाले की सिफारिश में एक वैश्य जनप्रतिनिधि का फोन आ गया। अब फोन में दम था इसलिए जेसीबी ने बैक गीयर डाला और बैकफुट पर आ गये। यहां तोड़ नहीं सकते थे तो आगे बढ़े और कुछ दूरी पर एक इलैक्ट्रोनिक शोरूम पर यलगारों के साथ तोड़ने की तैयारी हुई तो इलैक्ट्रोनिक शोरूम वाला भी भगवा करंट लिये हुए था और जो पार्षद तुड़वाने के लिये साथ आया था उसी के फोन पर महानगर के एक बड़े पदाधिकारी का फोन आ गया। पार्षद को उधर से समझाया गया कि तत्काल इसे रोको क्योंकि इलैक्ट्रोनिक शोरूम वाले के लिए हाईकमान से फोन आ गया है।




जेसीबी वाला चुप खड़ा था और शोरूम वाला सीना तानकर खड़ा था क्योंकि उसकी हिमायत में आया हाईकमान का फोन बड़ा था। अब दो जगह बैरंग लौट रही जेसीबी को लेकर पार्षद थोड़ा और आगे बढ़े और एक शोरूम के आगे जाकर हुए खड़े। यहां तो कमाल ही हो गया और इससे पहले की कुछ होता शोरूम वाले की सिफारिश में दो पूर्व विधायकों के फोन आ गये। अब फोन विधायक जी का है तो रिलेक्स होना ही पड़ेगा। भले ही विधायक जी एक्स हों। ये किस्सा बताते-बताते निगम के मेंबर ने बताया कि जेसीबी वाले इस अंदाज से देखा कि पार्षद जी तुमसे ना हो पायेगा और हमें ये लग रहा है कि जेसीबी और पूरा निगम का दस्ता यहां से बैरंग जायेगा। सवाल भगवा कमिश्नर के दफ्तार यही उठा कि जनता की समस्याएं बड़ी हैं या नेताओं की सिफारिश बड़ी है।

नाले की समस्या का समाधान होगा तो जल निकासी के साधन बनेंगे, लेकिन अगर निकासी में बाधक ही सरकार वाले बनेंगे तो फिर बड़े अधिकारी कैसे समाधान करेंगे। बहरहाल एक नाले पर इतनी सिफारिशों के फोन का किस्सा भाजपा वालों में गूंज रहा है। कभी-कभी सही काम भी सिफारिशों की वजह से संपन्न नहीं हो पाते। अतिक्रमण को अतिक्रमण ही माना जायेगा। ये अलग बात है कि वीआईपी फोन पूरे अभियान की हवा निकाल देते हैं।

## संपादकीय

# जीवन से खिलवाड़

आत्महत्या की हर घटना झकझोर जाती है, पर जब कोई प्रतिभावान युवा अपनी जान लेता है, तो यह न केवल त्रासद, बल्कि पूरे देश-समाज के लिए नुकसानदायक बात है। बड़े दुख की बात है कि दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के 25 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र को उसके कमरे में मृत पाया गया। प्रथम दृष्टया, ऐसा लग रहा है कि छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, लेकिन पुलिस को व्यापकता में जांच करनी चाहिए और हर आशंका को परखना चाहिए। जानना जरूरी है कि आखिर एक टॉपर छात्र ऐसे मुकाम पर कैसे पहुंच गया? वह रेडियोलॉजी का द्वितीय वर्ष का छात्र था और उसे बेहतरीन विशेषज्ञ डॉक्टर बनना था। लोग यह भूले नहीं थे कि पंजाब का यह छात्र साल 2017 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी या नीट) का टॉपर था। उसके पिता सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल हैं और छोटा भाई भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। जिस परिवार ने अपना होनहार खोया है, उसके साथ सबकी संवेदना होनी चाहिए।

ऐसी घटनाएं समाज को विचलित कर देती हैं। समाज विज्ञानियों और चिकित्सकों को मिलकर अध्ययन करना चाहिए। ध्यान रहे, दिल्ली में ही 27 अगस्त को ओल्ड रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल में एक 20 वर्षीय मेडिकल छात्र का शव मिला था। छात्रों के बीच भी यह सवाल बार-बार उठ रहा होगा। क्या निराशा इतनी बढ़ गई है कि अपनी जीवन में पढ़ाई के झंडे गाड़ने वाले छात्रों को भी अपना भविष्य स्याह लग रहा है? इस साल फरवरी के महीने में यह आंकड़ा सामने आया था कि पिछले पांच वर्षों में कम से कम 122 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 64 एमबीबीएस में और 58 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों अध्ययनरत थे। यह संख्या कम नहीं है। एक भावी चिकित्सक को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर होना चाहिए, क्योंकि उसे लोगों की सेवा के लिए समर्पित होना है। उसे चिकित्सक बनने का मौका मिला है और अच्छे चिकित्सकों को लोग भगवान की तरह आदर देते हैं। सम्मानजनक जिंदगी की ओर जा रहे छात्रों के दिलोदिमाग में निराशा का एक कतरा नहीं होना चाहिए, पर हर महीने औसतन दो मेडिकल छात्र आत्महत्या कर लेते हैं?

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इस साल फरवरी में यह भी बताया था कि पांच साल में 1,270 मेडिकल छात्रों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। एक और तथ्य गौरतलब है कि पढ़ाई छोड़ने वालों में से 153 विद्यार्थी एमबीबीएस कर रहे थे और 1,117 ने स्नातकोत्तर के दौरान पढ़ना छोड़ दिया। मतलब, विशेषज्ञ चिकित्सक बनने का मौका भी हाथ से निकलने दिया जा रहा है? क्या चिकित्सा शिक्षा का ध्यान रखने वाली जिम्मेदार संस्थाओं ने इन तथ्यों पर गहराई से गौर किया है?

# आर्थिक सचिव बोले अमेरिकी ब्याज दर में कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं पड़ेगा। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कहा, फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन, आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर कटौती का फैसला करेगा। सेठ ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की थी। एजेंसी

### उचित समय पर निर्णय लेगी मौद्रिक नीति समिति

सेठ ने कहा, भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी। एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है।

### भारत पर कम होगा असर : सीईए

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर, दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।

बाजार में कम हो सकता है रिटर्नः पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के अनुसार, फेडरल रिजर्व के फैसले से इक्विटी पर रिटर्न कम हो सकता है। सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं व रुपये में मजबूती आ सकती है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि उभरते बाजारों में भी दरें घट सकती हैं।

### इस साल 0.50 फीसदी और कटौती की उम्मीद

एसबीआई ने कहा, अमेरिका में इस साल ब्याज दरें 0.50 फीसदी और घट सकती हैं। 2025 में भी एक फीसदी तक कटौती संभव है। 2026 में एक बार फिर से 0.50 फीसदी कटौती की उम्मीद है। यानी तब अमेरिकी ब्याज दरें 2.75 से 3 फीसदी के बीच हो जाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में इन दरों का पालन नहीं होगा क्योंकि आगे खुदरा महंगाई के पांच फीसदी के आसपास बने रहने का अनुमान है। ऐसे में आरबीआई इस पर अपने हिसाब से फैसले लेगा।

### असर : कच्चा तेल 1.1 फीसदी टूटा

अमेरिका में दरों में कटौती के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.1 फीसदी गिरकर 74.46 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। विश्लेषकों के मुताबिक, चीन की कमजोर मांग से दाम घट रहे हैं। पिछले हफ्ते यह 70 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गया था। सिटी ने एक रिपोर्ट में कहा, 2025 में ब्रेंट क्रूड 60 डॉलर तक आ सकता है। यानी यहां से कीमतें और घट सकती हैं।

# सेंसेक्स पहली बार 84,000 के पार
## निफ्टी ने भी बनाया नया ऑल-टाइम हाई




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी देखी जा रही है। बाजार के मुख्य सूचकांक ऑल-टाइम हाई पर कारोबार कर रहे हैं। अब तक के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 84,213 और 25,716 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया है। देर सुबह 11:37 पर सेंसेक्स 870 अंक या 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,050 और निफ्टी 259 अंक या 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,675 पर था। यह पहली बार है, जब सेंसेक्स 84,000 के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 470 अंक या 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,822 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 218 अंक या 1.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,363 पर है।

एनएसई में फार्मा को छोड़कर करीब सभी सूचकांकों में खरीदारी देखी जा रही है। ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा टॉप गेनर्स हैं। सेंसेक्स में 30 में से 27 शेयरों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। एमएंडएम, जेएसडब्लू स्टील, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी टॉप गेनर्स हैं। टीसीएस, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी है। टोक्यो, हांगकांग, सोल और बैंकॉक के बाजार हरे निशान में हैं। शंघाई और जाकार्ता के बाजारों में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। अमेरिका के बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुए थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि ब्याज दरों में कटौती के बाद अमेरिकी शेयर बाजार कल ऑल-टाइम हाई पर बंद हुए। इसका असर भारतीय बाजारों में भी देखने को मिल रहा है। हालांकि, अधिक वैल्यूएशन अभी भी एक चिंता का विषय है। बुल मार्केट में निवेशकों को सही वैल्यूएशन वाले अच्छे शेयरों को चुनना चाहिए।

# भारत में बनेगा क्वांटम और 6जी टेक्नोलॉजी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस



**नई दिल्ली।** भारत की 6जी और क्वांटम टेक्नोलॉजी में स्थिति मजबूत करने के लिए टेलीकॉम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (टीसीओई) इंडिया और कर्नाटक की विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (वीटीयू) की ओर से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित करने के लिए करार किया गया है। संचार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, वीटीयू - विश्वेश्वरैया रिसर्च और इनोवेशन फाउंडेशन (वीआरआईएफ) बेंगलुरु का उद्देश्य भारत की प्रगति को इन सेक्टरों में बढ़ाना है। सीओई को हब एंड स्पोक मॉडल आधार पर डिजाइन किया जाएगा। टीसीओई इंडिया एक सेंट्रल हब के रूप में काम करेगा। सरकार के मुताबिक, वीटीयू से जुड़े 228 कॉलेज के बौद्धिक और ढांचागत क्षमता का फायदे उठाते हुए सीओई रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए एक मुख्य सुविधा के तौर पर कार्य करेगी। सीओई के जरिए क्वांटम और 5जी एवं 6जी टेक्नोलॉजी में कटिंग एज रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही साझेदारी और इनोवेशन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। सीओई में टेलीकॉम स्टैंडर्डाइजेशन को लेकर काम कर रही मुख्य संस्थाएं जैसे टेलीकॉम इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी), भारत 6जी एलायंस, टीसीडीएसआई, एकेडमिक नेटवर्क और स्टार्टअप इकोसिस्टम में साझेदारी को बढ़ाया जाएगा। इससे 4 लाख से ज्यादा छात्रों और 2,000 से ज्यादा पीएचडी और वीटीयू नेटवर्क में रिसर्च कर रहे रिसचर्स को मदद मिलेगी। साथ ही इनोवेशन के कमर्शियलाइजेशन में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन में मिशन गवर्निंग बोर्ड के चेयरमैन अजय चौधरी ने कहा कि देश में 600 वैज्ञानिक और 50 स्टार्टअप क्वांटम टेक्नोलॉजी में काम कर रहे हैं। भारत की ओर से अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य क्वांटम से जुड़े विज्ञान और टेक्नोलॉजी में क्षमताएं विकसित करना है।

## राशिफल

**मेष :** शारीरिक रोग से मुक्ति मिलने की प्रबल संभावना है और इस कारण आप शीघ्र ही खेलों में भाग ले सकते हैं। आर्थिक अनिश्चितता आपको मानसिक तनाव दे सकती है।

**वृष :** दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा। आप जो भी फैसला लेंगे वो आपके लिए फायदेमंद रहेगा। मित्रों के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन :** जोश से भरे रहेंगे और दूसरों को नेतृत्व प्रदान करने के इच्छुक रहेंगे। लंबी यात्रा के कारण थकान महसूस करेंगे, आराम करने से आपकी थकान दूर होगी।

**कर्क :** बेचैनी मानसिक शांति को बिगाड़ सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा-लेकिन साथ ही खर्च भी बढ़ेंगे। जीवन साथी मदद करेगा और मददगार साबित होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। इस राशि के छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के कई मौके मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या :** भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। भवन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकता है। माता-पिता और परिवार के सदस्यों से आर्थिक सहयोग मिलेगा। अवसरों का इंतजार है।

**तुला :** संदिग्ध आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। दोस्तों और रिश्तेदारों पर विचार थोपने की कोशिश न करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप किसी अजनबी से बात करके अपनेपन का अहसास करेंगे।

**धनु :** आज आपको अपनी मेहनत से बड़ा लाभ मिल सकता है, वो भी इसलिए क्योंकि आपमें काबिलियत है और कुछ बेहतर करने का जज्बा भी।

**मकर :** अपने जीवन को स्थायी न समझें और जीवन के प्रति जागरूकता अपनाएं। अगर आप समझदारी से काम लेंगे तो आज आप अतिरिक्त पैसा कमा सकते हैं।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। परिवारजनों के साथ समय व्यतीत करेंगे। परिवार के साथ अच्छा तालमेल रहेगा। कोई भी काम फायदेमंद हो सकता है।

**मीन :** आज लेन-देन के मामले को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं. परिवार के सदस्यों के साथ वाद-विवाद से बचें। मन धर्म की ओर आकर्षित होगा।

## चुटकुले

वो तो भगवान का शुक्र है कि
पति अक्सर सुन्दर ही होते हैं
वरना दो दो लोगों का
ब्यूटी पार्लर जाना कितना भारी पड़ता!

---

विदेशों से मेरा बहुत पुराना नाता है।
बचपन मे जब माँ डाट देती थी तो मै
रूस जाया करता था।

---

कुछ अमीरों की चर्चा
किसी ने कहा मेरा बाथरुम 10 लाख का तो किसी ने
20 लाख तो किसी ने 50 लाख का बताया
और जब यही बात एक गाँव के आदमी से पूछी गई तो
उसने बताया की मै जहा सुबह लोटा लेके जाता हूँ उस
खेत की कीमत 7 करोड़ है
और ऐसे बाथरुम तो हम रोज बदल देते है!

## रोचक तथ्यों का करंट

- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।
- पिस्ता में बायोटिन पाया जाता है। बायोटिन बालों को झड़ने से रोकता है। पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




| शतक | साल | स्कोर | विरोधी टीम | जगह |
|---|---|---|---|---|
| पहला | 2011 | 103 | वेस्टइंडीज | मुंबई |
| दूसरा | 2013 | 124 | वेस्टइंडीज | कोलकाता |
| तीसरा | 2016 | 113 | वेस्टइंडीज | एंटिगुआ |
| चौथा | 2016 | 118 | वेस्टइंडीज | सेंट लूसिया |
| पांचवां | 2021 | 106 | इंग्लैंड | चेन्नई |
| छठा | 2024 | 102* | बांग्लादेश | चेन्नई |

# चेन्नई टेस्ट : भारत की पहली पारी में बने दिलचस्प रिकॉर्ड

**रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच शानदार साझेदारी ने भारत को 376 के सम्मानजनक स्कोर तक भी पहुंचाया।**

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच जैसा की एक रोचक टेस्ट सीरीज होने की उम्मीद थी, शुरूआत भी वैसी ही हुई है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर भारतीय टीम ने पहले टेस्ट की शुरूआत पहली पारी में 376 रन बनाकर की है। एक समय भारत का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 34 रन था। बांग्लादेश ने भारत के 6 विकेट भी 144 रनों पर गिरा दिए थे। लेकिन इसके बाद रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच शानदार साझेदारी ने न केवल भारत को उभारा बल्कि 376 के सम्मानजनक स्कोर तक भी पहुंचाया।

यह भारत के क्रिकेट इतिहास में केवल दूसरी बार हुआ है जब 150 से कम स्कोर पर 6 विकेट गिरे हों और टीम के पुच्छले बल्लेबाजों ने 232 रन जोड़ दिए हों। 1971 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 70 रन के स्कोर पर 6 विकेट गिरने के बाद 347 रन बनाए थे। इसमें निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 277 रनों का योगदान दिया था।

इस मैच में बांग्लादेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 83 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले सिर्फ पांचवें बांग्लादेश गेंदबाज हैं। इससे पहले बांग्लादेश के नैमुर रहमान (6/132), शाकिब हसन (5/62), मेहदी हसन मिराज (5/63) और शहादत हुसैन (5/71) ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि इन सभी गेंदबाजों ने यह प्रदर्शन बांग्लादेश में ही किया था। इससे पहले, भारत में एक बांग्लादेशी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अबू जायेद का 2019 में इंदौर में (4/108) था।



यह हसन का सिर्फ चौथा टेस्ट मैच है और वह दो बार एक पारी में पांच विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश के लिए शहादत हुसैन ने सर्वाधिक चार बार ऐसा किया है, लेकिन इसके लिए उनको 38 टेस्ट मैच खेलने पड़े थे। खास बात यह भी है हसन महमूद साल 2000 के बाद से भारत में पहले ही टेस्ट दिन पर चार विकेट लेने वाले मात्र दूसरे पेसर हैं। इससे पहले डेल स्टेन ने साल 2008 में अहमदाबाद में पहले ही दिन 23 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

# भारत की घातक गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश चायकाल तक 112/8

**चेन्नई।** जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने और विकेट चटकाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चाय के समय बांग्लादेश का स्कोर 36.5 ओवर में 112/8 कर दिया।

दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने लगातार विकेट गंवाए, क्योंकि उसने पांच और बल्लेबाज गंवाए और वह अभी भी भारत से 264 रन पीछे है, जबकि बुमराह 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले छठे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं।

लंच के बाद, सिराज ने गेंद को लाइन में रखा और नजमुल हुसैन शान्तो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर सीधे थर्ड स्लिप में चली गई। अगले ओवर में, बुमराह ने गेंद को देर से मूव किया और मुशफिकुर रहीम के बल्ले काअच्छा किनारा लेकर सेकंड स्लिप में चली गई। गेंदबाजों की लगातार लाइन और लेंथ के बावजूद, लिटन दास और शाकिब अल हसन ने स्थिति सँभालने की कोशिश की।




**बांग्लादेश अभी भी भारत से 264 रन पीछे**

दोनों ने बुमराह, सिराज और आकाश दीप की गेंदों पर शानदार ड्राइव लगाए, इससे पहले शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की ढीली गेंदों पर और बाउंड्री लगाई।

छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी तब समाप्त हुई जब दास ने जडेजा की ऑफ-स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक ध्रुव जुरेल के पास गई। दास ने 22 रन बनाये।

जडेजा के अगले ओवर में शाकिब ने रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके जूते से टकरा गई और ऋषभ पंत ने आगे बढ़कर आसान कैच लपका। हसन महमूद और मेहदी हसन मिराज ने तीन चौके लगाए। बुमराह ने हसन महमूद को चाय के समय दूसरी स्लिप में कैच करा दिया।

**संक्षिप्त स्कोर**

**भारत 376 रन**

(रविचंद्रन अश्विन 113, रवींद्र जडेजा 86; हसन महमूद 5-83, तस्कीन अहमद 3-55) और बांग्लादेश 36.5 ओवर में 112/8 रन (शाकिब अल हसन 32; जसप्रीत बुमराह 3-28; रवींद्र जडेजा 2-18)

# मालविका क्वार्टर फाइनल में अकाने यामागुची से हारी



**चांगझोउ।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार मालविका बंसोड़ का बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को खत्म हो गया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से हार गईं।

यामागुची ने बंसोड़ को केवल 35 मिनट में 21-10, 21-16 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की।

हार के बावजूद, 22 वर्षीय बंसोड़ ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज, वह दिग्गज पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला बन गईं। बंसोड़ ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-16 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले टूनामेंट में उन्होंने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को हराया था।

# तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आकाशदीप ने बांग्लादेश को झकझोरा

**बुमराह ने पहले ओवर में शादमन इस्लाम को दो रन पर बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। आकाश दीप ने नौवें ओवर में जाकिर हसन और मोमिनुल हक को शून्य पर बोल्ड कर बांग्लादेश को संकट में डाल दिया।**





**चेन्नई ।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को बांग्लादेश को झकझोर दिया और लंच तक उसके तीन विकेट मात्र 26 रन पर गिरा दिए। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच साझेदारी सुबह ही टूट गयी जिसके बाद भारतीय पारी को सिमटने में ज्यादा देर नहीं लगी। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाये।

बुमराह ने पहले ओवर में शादमन इस्लाम को दो रन पर बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। आकाश दीप ने नौवें ओवर में जाकिर हसन और मोमिनुल हक को शून्य पर बोल्ड कर बांग्लादेश को संकट में डाल दिया। लंच के समय कप्तान नजमुल शान्तो 15 और मुशफिकुर रहीम चार रन पर नाबाद थे इससे पहले भारतीय टीम अपने कल के स्कोर में 37 रन जोड़ पाई। भारत को पहले तीन झाटके तास्कीन अहमद ने दिए जबकि हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह के रूप में अंतिम विकेट लेकर भारतीय पारी को ऑलआउट कर दिया। महमूद ने पंजा खोलते ही सजदा किया। वह भारत में पांच विकेट हॉल लेने वाले बांग्लादेश के पहले गेंदबाज भी बन गए हैं। कल भारत के पहले चार विकेट भी महमूद ने ही लिए थे। महमूद को 83 रन पर पांच विकेट तथा तस्कीन अहमद को 55 रन पर तीन विकेट मिले। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय पारी में शीर्ष स्कोरर की भूमिका निभाई।

बांग्लादेश ने दूसरे दिन की शुरूआत दूसरी नई गेंद लेकर की, जबकि अश्विन ने नाबाद 102 रन से आगे खेलना शुरू किया और भारत की पारी को 339/6 से आगे बढ़ाया।

तस्कीन अहमद ने दिन के अपने दूसरे ओवर में ही को रवींद्र जडेजा को आउट कर दिया, तस्कीन ने गेंद को बल्ले के किनारे से सीधा कीपर के हाथों में पहुंचाकर 199 रन की साझेदारी को तोड़ दिया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 14 रन से अपना शतक बनाने से चूक गया।

आकाश दीप (17) चार चौके लगाने के बाद तस्कीन की गेंद पर मिड-ऑफ पर कैच हो गए। तस्कीन ने दिन का अपना तीसरा विकेट तब लिया जब अश्विन ने सही समय पर ड्राइव नहीं किया और मिड-ऑफ पर कैच दे बैठे और 133 गेंदों पर 113 रन बनाकर आउट हो गए।




# श्रीलंका ने महिला टी20 विश्व कप टीम में रानावीरा को शामिल किया

**श्रीलंका के लिए 82 टी20 मैचों में, इनोका ने 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं।**



**कोलंबो।** बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रानावीरा को 2024 महिला टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है, जिसकी कप्तानी उनकी करिश्माई ऑलराउंडर चामरी अथापथु करेंगी। इनोका को श्रीलंका के विजयी महिला एशिया कप अभियान और उसके बाद आयरलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर रखा गया था। उन्होंने आखिरी बार श्रीलंका के लिए टी20 में महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में हिस्सा लिया था, जिसे उन्होंने यूएई में जीता था।

श्रीलंका के लिए 82 टी20 मैचों में, इनोका ने 5.86 की इकॉनमी रेट से 91 विकेट लिए हैं। अब वह इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी और कविशा दिलहारी के साथ-साथ चामरी की स्पिन के दबदबे वाली गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गई हैं।

उदेशिका प्रबोधनी, अचिनी कुलसुरिया और अमा कंचना श्रीलंका के लिए सीम-गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, चामरी और कविशा के अलावा, विशमी गुणरत्ने और हर्षिता समाविक्रमा पर भी नजरें रहेंगी। श्रीलंका 2024 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ है। वे अपना अभियान 3 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ शुरू करेंगे।

# 'भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित है रणनीति'

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि इस साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उनकी टीम की रणनीति भारतीय टीम के नए खिलाड़ियों पर अधिक केंद्रित होगी, जिनके खिलाफ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा नहीं खेला है।



हेजलवुड ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, रणनीति शायद उन नए खिलाड़ियों पर ज्यादा केंद्रित है जिनके खिलाफ हमने ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, जैसे कि जायसवाल और शुभमन गिल, जिनका हमने सिर्फ कुछ बार सामना किया है। हम विराट, रोहित और अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ वर्षों से खेल रहे हैं, इसलिए हम जानते हैं कि क्या करना है।"

2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद वाला मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में टेस्ट मैच खेलेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती है, जब यह 2018/19 और 2020/21 में खेली गई थी।

हेजलवुड, जो 2014/15 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे, को लगता है कि योजनाओं का क्रियान्वयन लंबे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए एक और फोकस पॉइंट है।

योजना वास्तव में इतनी बार नहीं बदलती है। यह बुनियादी बातों के बारे में है - उन्हें अच्छे से और लंबे समय तक निभाना।

# श्रीजेश ने एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर के नामांकन पर कहा, यह हमारी टीम की सामूहिक भावना का प्रतिबिंब है

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है, को पेरिस ओलंपिक 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए नामित किया गया है।

अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट में, श्रीजेश ने असाधारण कौशल और लचीलापन दिखाया, महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान महत्वपूर्ण बचाव किए, जिसके कारण भारत ने कांस्य पदक हासिल किया और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक के बाद से पांच दशकों में पहली बार बैक-टू-बैक ओलंपिक पदक जीतने का ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया। नामांकन पर विचार करते हुए, श्रीजेश ने अपनी खुशी और गर्व साझा करते हुए कहा, मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए एक विशेष पहचान है, खासकर तब जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं। पेरिस ओलंपिक एक भावनात्मक और अविस्मरणीय अनुभव था, और यह नामांकन हर मैच में की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून की याद दिलाता है। श्रीजेश का नामांकन पेरिस ओलंपिक में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहां वे गोलपोस्ट के सामने मजबूती से खड़े रहे, खासकर ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भारत के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान।




**मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए एक विशेष पहचान है, खासकर तब जब मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं। -श्रीजेश**

# हेड के सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर आसान जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को ट्रेंट ब्रिज में वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड पर सात विकेट से आसान जीत दिलाई। एडम जम्पा के 100वें वनडे मैच में मिली जीत, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए, ने ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी दिलाई।

इंग्लैंड द्वारा जीत के लिए 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए कहा गया, ऑस्ट्रेलिया ने छह ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें हेड ने 129 गेंदों पर नाबाद 154 रन बनाए - उनका छठा वनडे शतक - जिसमें 20 चौके और पांच छक्के शामिल थे - जो इंग्लैंड में किसी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बन गया।




मार्नस लाबुशेन ने 61 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन बनाए और नॉटिंघम में चौथे विकेट के लिए हेड के साथ मात्र 107 गेंदों पर 148 रनों की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की जीत मैदान पर और मैदान के बाहर कई बाधाओं के बीच आई। मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ग्लेन मैक्सवेल बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं थे, जबकि डेब्यू करने वाले बेन ड्वारशुइस ने केवल चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान में पेक्टोरल मांसपेशियों में खिंचाव महसूस किया और 1-18 का आंकड़ा हासिल किया।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने अपने शानदार स्ट्रोक्स के जरिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मार्नस लाबुशेन ने उन्हें 95 (91) रन पर कैच एंड बोल्ड कर दिया। लाबुशेन ने छह ओवर में 3/39 विकेट लिए, जो उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे प्रदर्शन है, क्योंकि उन्होंने पारी के अंत में स्टैंड-इन इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक (31 गेंदों पर 39 रन) और जोफ्रा आर्चर (4) को आउट किया। विल जैक्स के 62 (56) और डेब्यू करने वाले जैकब बेथेल के 35 (34) ने ऑस्ट्रेलिया को एक कठिन लक्ष्य निर्धारित करने में भूमिका निभाई।

**संक्षिप्त स्कोर**

इंग्लैंड 49.4 ओवर में 315 रन पर ऑल आउट (बेन डकेट 95, विल जैक्स 62; मार्नस लाबुशेन 3-39, एडम जम्पा 3-49) ऑस्ट्रेलिया 44 ओवर में 317/3 (ट्रैविस हेड 154 नाबाद, मार्नस लाबुशेन 77 नाबाद; जैकब बेथेल 1-20) से सात विकेट से हार गया

# पंजाब एफसी का पहला घरेलू मुकाबला ओडिशा एफसी से

**नई दिल्ली।** पंजाब एफसी (पीएफसी) इंडियन सुपर लीग में कल अपने पहले घरेलू मैच में ओडिशा एफसी का सामना करेगी। यह मुकाबला जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा, जो लगातार दूसरे सीजन के लिए क्लब का घरेलू मैदान है। मैच का किक-ऑफ समय शाम 7:30 बजे निर्धारित किया गया है।

पंजाब एफसी ने अपना नया सीजन कोच्चि में केरल ब्लास्टर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ शुरू किया था जिसमें फिलिप मर्जल्जाक ने 95वें मिनट में निर्णायक गोल किया, जबकि ओडिशा एफसी को अपने सीजन के पहले मैच में कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में चेन्नइयन एफसी से 2-3 की हार का सामना करना पड़ा था।



अपने पहले घरेलू मैच से पहले, पीएफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलमपेरिस ने कहा, ₹हम कल घर पर खेलने के लिए उत्साहित हैं। हमने सीजन की बहुत अच्छी शुरूआत की है और हम उस गति को कल भी बनाए रखना चाहेंगे। ओडिशा एक अच्छी टीम है, जो एक अनुभवी और रणनीतिक रूप से सक्षम प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षित है। हमने अच्छी ट्रेनिंग की है और कल के मैच के लिए तैयार हैं।ह्व

पंजाब एफसी लुका माजसेन की सेवाओं से वंचित रहेगी, जिन्हें पहले मैच में चोट लग गई थी। कोच ने कहा, ह्लहम आशा करते हैं कि लुका जल्दी ठीक हो जाएं और टीम में वापस आएं। वह एक जुझारू खिलाड़ी हैं और अगर संभव होता, तो इस स्थिति में भी वह टीम के साथ होते।₹

पीएफसी के मिडफील्डर फिलिप मर्जल्जाक ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹मेरे और टीम के लिए यह एक शानदार शुरूआत रही है। आईएसएल उम्मीद से कठिन है और आगे के मैच और भी चुनौतीपूर्ण होंगे। हमने टीम के रूप में अच्छी ट्रेनिंग की है और हम कल ओडिशा के खिलाफ कड़े मुकाबले की उम्मीद कर रहे हैं।₹

पिछले सीजन में, ओडिशा ने नई दिल्ली में पंजाब एफसी को 1-0 से हराया था, जिसमें निर्णायक गोल रॉय कृष्णा ने किया था। फिजी के यह स्ट्राइकर जगरनॉट्स के लिए अटैकिंग का केंद्र बिंदु होंगे, जिनका साथ देंगे डायनामिक मिडफील्डर अहमद जहौह, नए साइनिंग ह्यूगो बौमोस, और भारतीय खिलाड़ी इसाक वानलालरुआतफेला, रेनीर फर्नांडिस और जेरी माविहमिंगथांगा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान : पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया पौधरोपण एवं दिया स्वच्छता संदेश






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पार्षद सतेंदर चौधरी ने वसुंधरा वार्ड 54 में अभियान चलाया। नगर निगम के कर्मचारियों व स्थानीयों लोगों ने सफाई कर पौधरोपण किया। मौके पर पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि स्वच्छता अभियान के दस वर्ष पूरे होने पर विशेष रूप से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुरुआत की गयी है। स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता पर बल दिया गया है। यह सिर्फ अभियान के दौरान नहीं बल्कि

इसे स्वभाव और संस्कार में अपनाया जाना चाहिए। सफाईकर्मी तो अपना काम करते ही हैं, जिसका यह काम नहीं है। वह भी इसे करें यह महत्वपूर्ण बात है। इससे हमारा राज्य, देश विकसित बन सकेगा। हम सभी को अपने व्यवहार में परिवर्तन लाकर स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। जहां स्वच्छता है वहां बीमारियां कोसों दूर हैं। यह संदेश लोगों के बीच जाना चाहिए। स्वच्छता को लेकर घरों की बच्चियां, महिलाएं ज्यादा संवेदनशील होती हैं। सफाई का पूर्ण दायित्व उन पर निर्भर करता है। परंतु घरों का कचरा बाहर न फेंका जाए। यह समाज के प्रति हम सभी का दायित्व बनता है। जो जितना महत्वपूर्ण पद पर है उसके स्वभाव और संस्कार का लोग अनुसरण करते हैं। सफाईकर्मी तो हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं ही लेकिन इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

# जल है तो कल है : बीस दिनों से पाइप लाइन लीकेज, रोज बह रहा हजारों लीटर पानी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड-4 के प्लॉट 49-32 के पास पाइप लाइन में 20 दिनों से पानी लीकेज है। हर दिन हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। सड़क पर पानी भरने से राहगीर भी परेशान हो रहे हैं। एसोसिएशन कार्यालय प्रभारी चरनजीत सिंह ने जलकल निगम के अधिकारियों को लीकेज की जानकारी दी थी, लेकिन अभी तक ठीक नहीं किया गया। औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 कोहिनूर होटल के पास पेयजल आपूर्ति की लाइन जाती है। आपूर्ति शुरू होते ही पानी सड़क पर बहने लगता है।

एसोसिएशन के कार्यालय प्रभारी चरनजीत ने जलकल निगम के प्लंबर और अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन अभी तक लीकेज ठीक नहीं हो सका है। इससे कम्पनियों तक दूषित पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि वसुंधरा जोन के अधिकारी निगम के प्लंबर से कई बार संपर्क कर ठीक कराने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं। जलकल निगम के जेई सोमेंद्र तोमर ने बताया कि साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 कोहिनूर होटल के पास पाइप लाइन में लीकेज है। उसको जल्दी ठीक कर दिया जाएगा।

# गाड़ी बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी महिला को जेल भेजा




**लोनी।** गाड़ी बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने की आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी काफी समय से अपनी गिरफ्तारी से बच रही थी। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि डाबर तालाब कॉलोनी निवासी सागिरा ने एक युवक को गाडी बेची थी, लेकिन ना ही उसे गाडी दी और ना ही उसके पैसे लौटाए। जबकि जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीडित ने 13 जनवरी 2024 को उसके और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने उसका वारंट जारी किया था, लेकिन वह काफी समय से अपनी गिरफ्तारी से बच रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## न्यूज डायरी

### बंद घर से नकदी व आभूषण चोरी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बंद घर में चोरों ने दीवार फांदकर सेंधमारी की। इसके बाद चोरों ने ताला तोड़कर 20 हजार की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय पीड़ित परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था। पीड़ित ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### युवक ने बस के आगे कूदकर की आत्महत्या



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित गति से जा रही बस के सामने एक युवक ने कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके पर युवक की जीवन लीला समाप्त हो गई। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें बस के आगे कूदा युवक हवा में उड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और युवक की शिनाख्त करने को कोशिश कर रही है। आत्महत्या करने की घटना एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### मंदिर में पूजा करने गई महिला का युवक ने हाथ पकड़ा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कॉलोनी निवासी महिला मंदिर में पूजा करने के लिए गई, तो वहां मौजूद युवक ने महिला के साथ अभद्र टिप्पणी की और उसका हाथ पकड़कर खीचने का प्रयास किया। महिला ने पुलिस में युवक के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया किएक महिला द्वारा सूचना दी गई कि जब वह मंदिर में पूजा करने गई थी, तो एक युवक ने उसका हाथ पकड़ा व अपशब्द कहे। आरोपी युवक के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक लोकेश मलिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मोबाइल चोरी कर युवक के खाते से 60 हजार निकाले



**लोनी करंट क्राइम।** मोबाइल चोरी कर युवक के खाते से 60 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बार्डर थाने की राजनगर कॉलोनी निवासी परवीन ने बताया कि सात सितम्बर को उसके दो मोबाइल चोरी हो गए थे। जिसकी रिपोर्ट उसने बार्डर थाने में दर्ज करा दी थी। आरोप है कि मोबाइल चोर ने आठ सितम्बर को उसके खाते से 60498 रुपए निकाल लिए। उसने खाता चेक किया तो उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई। पीडित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### स्कूल की इंस्टाग्राम आईडी पर की जा रहीं अश्लील पोस्ट

**लोनी करंट क्राइम।** एक स्कूल की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उस पर अश्लील पोस्ट की जा रही हैं। स्कूल के उप प्रधानाचार्य ने लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। टीलाशहबाजपुर गांव के एक स्कूल के उप प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि अज्ञात शरारती तत्वों ने इंस्टाग्राम तथा अन्य सोसल मीडिया पर उनके स्कूल की फर्जी आईडी बना ली है। जिस पर अश्लील तथा आपत्तिजनक पोस्ट की जा रही हैं। उप प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराकर ऐसी पोस्ट पर लगाम लगाने तथा पोस्ट करने वाले आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### भूखंड विवाद को लेकर व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**लोनी करंट क्राइम।।** आनन्द विहार कॉलोनी में अपने भूखंड पर निर्माण करा रहे व्यक्ति के साथ एक महिला और उसके पांच पुत्रों ने मारपीट कर जानलेवा हमला किया। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। अंकुर विहार थाने की आनन्द विहार कॉलोनी निवासी दीवान का आरोप है कि एक सितम्बर को वह कॉलोनी में स्थित अपने भूखंड पर निर्माण कार्य करा रहा था। इसी दौरान पुष्पा देवी अपने पांच पुत्रों के साथ मौके पर पहुंची और गालीगलौच करने के बाद उसके साथ मारपीट कराई। जबकि उसके सिर पर हथोडा मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीडित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दुष्कर्म के आरोपी को जेल




**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने पड़ोसन की बेटी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा गर्भवती होने पर गर्भपात कराने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि गुरूवार को ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने अपने पड़ोसी पर आरोप लगाया था कि उसने उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया तथा गर्भवती होने पर चुपचाप उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने मां को मामले की जानकारी दी। गुरुवार को पीडिता की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी गौरव कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### विद्युतकर्मियों के साथ मारपीट के पांच आरोपी जेल भेजे



**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने बेहटाहाजीपुर में एक होटल पर विद्युत कर्मियों को बंधक बनाकर की गई मारपीट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विद्युतकर्मियों होटल पर बिजली चोरी पकड़ी थी। अवर अभियंता नरेन्द्र कश्यप ने शाहिद और उसके 7-8 साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने शाहिद और उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# यीडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई समझ से परे : कर्मवीर नागर प्रमुख



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2 दिन पूर्व यीडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पांच अधिकारियों को प्रमुख सचिव औद्योगिक द्वारा निलंबित किया गया था। इससे पहले भी कुछ अधिकारियों के विरुद्ध शासन के आदेश पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। समाचार पत्रों की खबरों में प्रकाशित जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों के निलंबन का कारण नई तैनाती की जगह ज्वाइन न करना है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब नियम अनुसार किसी भी कर्मचारी और अधिकारी के तबादले के बाद उसको सीनियर अधिकारी रिलीव करता है, तभी नई तैनाती की जगह ज्वाइन किया जाता है, तो क्या इन अधिकारियों को रिलीव कर दिया गया था? अगर इन्हें रिलीव ही नहीं किया गया था तो ऐसे में इन अधिकारियों के निलंबन नियमों के दायरे में नहीं आता।

### क्या खौफ बनाने के लिए की गई कार्रवाई या कोई और कारण छुपा है इसके पीछे

**करंट क्राइम।** अगर इन अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन का यही कारण है तो इसके पीछे कोई दुर्भावना अथवा साजिश नजर आती है। किसी भी कर्मचारी और अधिकारी के विरुद्ध दुर्भावनावश की गई कार्रवाई से मानसिक उत्पीड़न के साथ-साथ मनोबल और कार्यक्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इस तरह दुर्भावनावश की गई कोई भी कार्रवाई निश्चित तौर पर निंदनीय है। सवाल यह भी उठता है कि क्या खौफ बनाने के लिए की गई कार्रवाई या कोई और कारण छुपा है इसके पीछे। इससे पहले भी नोएडा प्राधिकरण ने कुछ अधिकारियों का निलंबन किया था जिनके निलंबन पर न्यायालय ने शायद इसीलिए रोक लगा दी है क्योंकि यह कार्रवाई दुर्भावनावश की गई थी।

### खटाखट और फटाफट निलंबन करने वाले अधिकारी किसानों की समस्याओं पर भी गंभीरता से करें विचार

**करंट क्राइम।** फटाफट खटाखट निलंबन करने वाले उच्च अधिकारियों को नरक बन रहे औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांव कभी नजर नहीं आते। जिस भ्रष्टाचार की वजह से प्राधिकरणों की साख को देश और दुनिया में बट्टा लगा है, उस पर इन अधिकारियों की नजर कभी नहीं पड़ती। यह अधिकारी कभी उन किसानों की समस्याओं के प्रति भी गंभीर नजर नहीं आए जो भीषण गर्मी, कड़कड़ाती ठंड और भारी बरसात में सड़कों पर बैठने के लिए मजबूर होकर वर्षों से अपने हक और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# गाजियाबाद में टक्कर लगने पर युवक की पिटाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में मोहन नगर क्षेत्र की एक सोसाइटी में टक्कर लगने के बाद सिक्योरिटी गार्डों ने एक युवक को सड़क पर गिराकर बुरी तरह पीटा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। साहिबाबाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए सिक्योरिटी सुपरवाइजर और गार्ड को हिरासत में ले लिया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 9 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें दो लोग एक बुजुर्ग व्यक्ति को सड़क पर गिराकर पीटते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मोहन नगर स्थित पार्श्वनाथ पैराडाइस सोसाइटी का तीन सितंबर का पाया गया। गार्ड को टक्कर मारने पर हुआ था विवाद एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया- तीन सितंबर को सोसाइटी में बी-76 में रहने वाले 43 वर्षीय पव पवन कुमार द्वारा सिक्योरिटी गार्ड अपूर्व मिश्रा को टक्कर मार दी गई थी। इससे वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी दौरान सिक्योरिटी सुपरवाइजर प्रवीन कुमार और गार्ड अजय के द्वारा पवन कुमार से मारपीट की गई। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया और पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस केस में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# गृह कर जमा करने के लिए पांच हजार से अधिक लोगों को भेजा नोटिस




**साहिबाबाद।** नगर निगम ने मोहन नगर जोन में करीब पांच हजार से अधिक लोगों को नोटिस भेजा है। बड़े बकायेदारों को 15 दिन में गृह कर जमा न करने पर सीलिंग की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। वहीं, दूसरी ओर लोगों का आरोप है कि विभाग चार से पांच गुना अधिक बढ़ा हुआ कर भेज रहा है। मोहन नगर जोनल प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि जोन में बड़ी संख्या में लोग गृह कर जमा नहीं कर रहे हैं। मार्च के बाद दो जून को सभी को नोटिस भेजा गया था लेकिन, करदाता नहीं आए। अब सभी को फिर नोटिस भेजा गया है और 15 दिन का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि नोटिस जाने के बाद बहुत से लोग कर जमा करने भी आ रहे हैं। नगर निगम ने हाल ही में हिंडन एयरपोर्ट को 24 लाख एवं हिंडन एयरफोर्स को 22 करोड़ रुपये जमा करने का नोटिस जारी कर चुका है। 10 लाख से अधिक के बकायेदारों की बन रही सूची- अब तक जो नोटिस भेजा गया है वह 10 लाख से कम वाले लोगों के हैं। बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक रुपये के बकायेदारों की सूची तैयार करने के भी आदेश दिए गए हैं। जोनल प्रभारी आरपी सिंह ने बताया कि अब तक 10 लाख रुपये से अधिक के दो बकायेदार सामने आए हैं लेकिन, इनकी सूची तैयार करने को कहा गया है। अनुमान है कि बड़े बकायेदारों की भी संख्या काफी है।

### जनप्रतिनिधि कर रहे विरोध

पार्षद हिमांशु शर्मा ने बताया कि इस बढ़े हुए कर का विरोध में महापौर से लेकर सभी पार्षदों ने किया है। पहले भी बताया गया था कि बढ़ा हुआ कर जनता जमा नहीं कर पाएगी। पार्षद ने कहा कि बिना जन प्रतिनिधि एवं बोर्ड बैठक में प्रस्तावित किए ही लोगों को बढ़ा तीन से चार गुना बढ़ा हुआ कर भेजा जा रहा है। हिमांशु शर्मा ने बताया कि यदि नगर निगम ने अपनी मनमानी नहीं रोकी तो जल्द ही वह लोग धरना प्रदर्शन करेंगे।

# इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सरकार से देशभर की लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की मांग की




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार से लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की मांग की। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मोदीनगर चैप्टर चेयरमैन राज ढ़िगरा के आहवान पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि 30 नवंबर 2023 को आईआईए द्वारा लखनऊ में आयोजित लघु मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमएसएमई) उद्यमी महासम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष भी इस मुद्दे को प्राथमिकता से रख कर प्रत्योवदन किया गया था। आईआईए चैप्टर मोदीनगर के सीईसी मुकेश गर्ग ने बताया कि औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की मांग का मुख्य कारण यह है कि यूपीएसआईडीसी या उद्योग निदेशालय द्वारा दी गई लीज होल्ड भूमि पर कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए उद्योगों को अनुमतियां प्राप्त करने के लिए उद्यमियों को भ्रष्टाचार का भी शिकार बनना पड़ता है। इस दौरान सैकेट्री शशी भूषण, कोषाध्यक्ष मनोज माहेश्वरी, विनोद अग्रवाल, अमित त्यागी, राजेश अरोड़ा सहित दर्जनों उद्यमी मौजूद रहें। कार्यक्रम के अन्त में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के मोदीनगर चैप्टर चेयरमैन राज ढ़िगरा ने सभी उद्यमियों का आभार प्रकट किया।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने हिन्दी भवन, लोहियानगर में की खुली नीलामी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त सम्पत्तियों को नीलामी के माध्यम से विक्रय करने हेतु 15 अगस्त 2024 से 17 सितंबर 2024 तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक के माध्यम से आवेदन फार्म का विक्रय किया गया था। प्राप्त आवेदन फार्मों के क्रम में हिन्दी भवन, लोहियानगर में शुक्रवार को खुली नीलामी की गयी, जिसमें गोविन्दपुरम योजना के एच-ब्लॉक के भूखण्ड संख्या एच-517ए हरिओम द्वारा उच्चतम बोली रु0 5,10,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर, ए-ब्लॉक में भूखण्ड संख्या ए-71/02 संगीता रानी द्वारा रु0 1,44,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर, सी-ब्लॉक में भूखण्ड संख्या सी.पी.-02, विशाल चौधरी द्वारा रु0 2,21,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर, भूखण्ड संख्या सी.पी.-41, आकाश महरवाल द्वारा रु0 1,40,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर, भूखण्ड संख्या सी.पी.-42, वन्दना गुप्ता द्वारा रु0 1,39,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर से बोली लगायी गयी है, जिससे प्राधिकरण को कुल रु0 20.72 करोड़ की आय प्राप्त होगी।

तत्पश्चात इन्दिरापुरम आवासीय योजना के भूखण्डों की बोली प्रारम्भ की गयी, जिसमें एक भूखण्ड की रु0 4,52,000/- प्रति वर्ग मीटर की दर से बोली लगायी गयी एवं अन्य भूखण्डों के नीलामी की प्रक्रिया अभी जारी है। समय कम होने के कारण जिन सम्पत्तियों की आज नीलामी प्रक्रिया नहीं हो सकी, उन सम्पत्तियों की नीलामी 21 सितंबर 2024 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रांगण में की जायेगी।

# धर्म परिवर्तन कराने वाला अरेस्ट

## झाड़ फूंक की आड़ में बनाता शिकार, इंजीनियर को शादी का लालच देकर सात लाख हड़पे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के वेवसिटी थाना क्षेत्र में सिविल इंजीनियर से लाखों की रकम ऐंठकर उसका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले मौलवी अब्दुल रहमान निवासी नीमखेड़ा, बुलंदशहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सिविल इंजीनियर का पत्नी से तलाक कराकर उसकी दूसरी शादी कराने की बात कहकर उसके मकान को बिकवाने का भी दबाव बना रहा था। पुलिस को धर्म परिवर्तन कराने और अपने धर्म को श्रेष्ठ बताने जैसे कई ऑडियो भी मिले हैं।

डीसीपी ने बताया कि महिला ने 19 सितंबर को वेवसिटी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मौलवी अब्दुल उनके पति का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है। वह उनपर तलाक देने का दबाव बना रहा है और उनकी दूसरी शादी झारखंड की युवती से कराने की बात कह रहा है। उसकी बातों में आकर उनके पति भी जैसा वह कह रहा है, कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को कुछ ऑडियो मिले, जिसमे मौलवी खुद अपने धर्म को श्रेष्ठ बताकर दावा कर रहा है कि यदि उसने धर्म परिवर्तन कर लिया तो उसके सभी संकट दूर हो जाएंगे।

### पत्नी की चल रही डायलसिस, इसलिए तनाव में आ गए पति

महिला ने बताया कि उनकी किड़नी खराब है। इसलिए उनकी लंबे समय से डायलसिस चल रही है। इसलिए उनके पति भी मानसिक रूप से काफी समय से परेशान चल रहे हैं। पिछले दिनों उनको एक परिचित ने मौलवी के बारे में बताया। दावा किया कि मौलवी झाड़ फूंक और देशी दवा से सभी बीमारियों का इलाज करते हैं। आरोपी ने पहले कुछ दवाएं दीं। इसके बाद उसने उनके पति को अपने झांसे में ले लिया और उनको दिमाग बदलने का काम शुरू कर दिया। हालत यह हो गई थी कि उनके पति हर काम मौलवी से पूछकर करने लगे। अपने धर्म के रीति रिवाजों को उन्होंने छोड़ दिया और दूसरे धर्म को अपनाने की पूरा मन बना लिया। आरोपी उनसे सात लाख रुपये वसूल चुका था और उनके मकान को बिकवाने का दबाव बना रहा था। उसके कहने पर वह उनको व बच्चों को छोड़ने को तैयार कर हो गए थे। इस बारे में उनको जब पता चला जब मौलवी फोन पर उनसे इस बारे में बात कर रहा था और उन्होंने इसको सुन लिया।

# अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेसब्री से इंतजार

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी यहां क्वॉड शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं। दरअसल, इस साल क्वॉड शिखर सम्मेलन की मेजबानी अमेरिका कर रहा है।

इस दौरान पीएम मोदी कई विदेशी साझेदारों से बातचीत करेंगे। वह अमेरिका में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे पर वहां रह रहे भारतीय प्रवासियों ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे पीएम मोदी से मिलने के लिए बहुत उत्सुक हैं। बच्चों से लेकर बुढ़ों तक सभी पीएम मोदी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



### पीएम मोदी से मिलने के लिए उत्सुक हैं भारतीय प्रवासी

अमेरिका में भारतीय प्रवासी के सदस्य प्रकाश शांतिलाल पटेल ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हम पीएम मोदी से मिलने के लिए बहुत उत्सुक हैं।


वे देश के बेहतरीन प्रधानमंत्रियों में से एक हैं और पूरी दुनिया में मशहूर हैं। इसलिए हम उत्सुक हैं। गुजराती समुदाय के पांच से दस हजार लोग उनसे मिलना चाहते हैं। अगर हमें मौका मिला तो हम उनसे बात करना चाहेंगे।

भारतीय प्रवासी का बच्चा आरव वर्मा ने कहा, मैं पीएम मोदी को देखने के लिए बहुत उत्सुक हूं। मैं उनसे मिलने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने देश के लिए बहुत अच्छे काम किए। वे मेरे पसंदीदी नेताओं में से एक हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय प्रवासी के सदस्य भी पीएम मोदी से मिलने के लिए बहुत उत्सुक हैं। भारतीय प्रवासी की सदस्य मधुलिका ने पीएम मोदी का अमेरिका में स्वागत करते हुए कहा, नमस्ते मोदी जी।

आपका अमेरिका और न्यूयॉर्क में स्वागत है। आपने भारत के लोगों के लिए जो भी महत्वपूर्ण कार्य किए, उसके लिए आपका धन्यवाद। हम इतने दूर बैठ हैं, लेकिन फिर भी हमें उनपर गर्व है। गर्व करना कम बात नहीं है। मैं अपनी आने वाली पीढ़ियों, अपने परिवार और दोस्तों को शिक्षित करना चाहती हूं और मैं उन्हें आप जैसे महान नेता के बारे में बताना चाहती हूं। आपने हमारे लिए जो भी कुछ किया, उसके लिए आपका धन्यवाद। पीएम मोदी को अपना पसंदीदा नेता बताते हुए अमेरिका निवासी विधि ने कहा, हम उनसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। मुझे लगता है कि वह मेरे सर्वकालिक पसंदीदा नेता हैं।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले भारतीयों में जबरदस्त उत्साह, भव्य कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोरों पर

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के यूनियनडेल के नासाउ वेटरंस कोलिजियम में 22 सितंबर को होने वाले 'मोदी एंड यूएस' कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय समुदाय के साथ संवाद करेंगे। यह मेगा कार्यक्रम देश और दुनिया के भारतीय समुदाय के बीच उत्सुकता का केंद्र बना हुआ है। इस कार्यक्रम के लिए पहले स्वयंसेवकों के जरिए पंजीकरण एक जटिल प्रक्रिया थी, जिसमें भारतीय अमेरिकी समुदाय के संगठनों को 'वेलकम पार्टनर' के रूप में शामिल किया गया, ताकि उनके सदस्यों को निशुक्ल पास मिल सके। इसके बाद पंजीकरण की प्रक्रिया सामान्य की गई।



**25 हजार से ज्यादा लोगों ने कराया पंजीकरण :** भारतीय प्रवासी समुदाय के कई प्रमुख सदस्यों को विशेष निमंत्रण भेज गए हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गणेश रामकृष्णन ने कहा, उत्साह स्पष्ट है और इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग मिलकर काम कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में 13 हजार से ज्यादा सीटों के लिए 25 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है और कार्यक्रम की सभी सीटें भर चुकी हैं।

**21 से 23 सितंबर तक अमेरिका में रहेंगे प्रधानमंत्री:** प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका में रहेंगे, जहां वे क्वाड सम्मेलन में भाग लेंगे। वह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

22 सितंबर को वे न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे।

**'मोदी एंड यूएस' कार्यक्रम में होंगे दो मंच:** इस बार 'मोदी एंड यूएस' कार्यक्रम में दो मंच होंगे।

मुख्य मंच पर 'इकोज ऑफ इंडियाः द जर्नी ऑफ आर्ट एंड ट्रेडिशन' होगा, जिसमें करीब 400 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकार शामिल होंगे।

इनमें ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित कलाकार चंद्रिका टंडन, स्टार वॉयस ऑफ इंडिया के विजेता ऐश्वर्या मजूमदार, इंस्टाग्राम के डांसिंग डैड रिकी पॉन्ड और गायक रेक्स डीसूज जैसे कलाकार शामिल होंगे।

## 'सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए' पूर्व यूएन प्रमुख ने किया भारत का समर्थन

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने आगामी अमेरिका दौरे पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भी शिरकत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक और पीएम मोदी के संबोधन को लेकर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व अध्यक्ष मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा ने कहा कि मुझे बताया गया है कि 130 देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शामिल होंगे। इससे सम्मेलन की राजनीतिक अहमियत का पता चलता है। सम्मेलन में विभिन्न राष्ट्राध्यक्ष संयुक्त राष्ट्र 2.0 की परिकल्पना और जरूरी सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



### संयुक्त राष्ट्र में बदलाव का किया समर्थन

एस्पिनोसा ने कहा कि 'यह केवल सुरक्षा परिषद नहीं है, बल्कि यह शांति और सुरक्षा वास्तुकला, शांति के लिए नए एजेंडे, महासभा के पुनरोद्धार, अंतरिक्ष और पर्यावरण एजेंडे और जलवायु परिवर्तन की भूमिका के बारे में सोचना है, जो मूल संयुक्त राष्ट्र चार्टर से अनुपस्थित था। यह आज विकासशील देशों की जरूरतों का जवाब देने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार करने के बारे में है।' भारत द्वारा लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की जा रही है। इस पर पूर्व यूएन अध्यक्ष ने भी भारत का समर्थन करते हुए कहा कि 'सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग बीते 20 वर्षों से भी ज्यादा समय से हो रही है।

भविष्य के समझौतों में सुरक्षा परिषद में सुधार को भी शामिल किया जाना चाहिए और ये सभी का मानना है कि सुरक्षा परिषद में आज की दुनिया दिखनी चाहिए। साथ ही मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य भी इसमें दिखना चाहिए। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की आवाजों को शामिल किया जाना चाहिए, जो कि पहली संरचना में अनुपस्थित हैं।'

**'महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र में अहम पद दिए जाने की जरूरत' :** भारत की संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को पारित किए जाने पर खुशी जताते हुए मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा ने कहा 'मैं भी आरक्षण की समर्थक हूं और मेरा मानना है कि आरक्षण हमेशा के लिए नहीं होना चाहिए ।

लेकिन हमें संसद, सरकारों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में व्यापत असमानता को दूर करने के लिए इसका इस्तेमाल करना चाहिए।

महिला नेताओं के समूह वॉयस फॉर चेंज एंड इंक्लूजन इस दिशा में काम कर रहा है और इसका समर्थन करता है कि हमें अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के अहम पदों पर लैंगिक समानता की आवश्यकता है।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पीएम मोदी की तारीफ के पढ़े कसीदे

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक प्रतिष्ठा की सराहना की।



साथ ही उन्होंने कहा कि कूटनीति में उनके साथ-साथ भारत की आवाज बहुत प्रभावी और महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा से खुश स्टीफन दुजारिक ने आगे कहा कि वह पीएम मोदी की आगामी अमेरिकी यात्रा को लेकर बहुत खुश हैं।

साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि भारत विश्व स्तर पर खासकर ग्लोबल साउथ के लिए एक मजबूत और शक्तिशाली आवाज है।

## कमला हैरिस को हॉलीवुड से मिल रहा एकतरफा समर्थन



### ओपेरा शो में गन कल्चर को लेकर दिया बड़ा बयान

**मिशिगन।** अमेरिका में इस साल नंबवर में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव दिनों-दिन दिलचस्प होता जा रहा है। हॉलीवुड के सेलिब्रिटी लगातार अपने पसंदीदा उम्मीवार के सपोर्ट में उतर रहे हैं। डेमोक्रेट की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को टेलर स्विफ्ट के बाद अब मीडिया मुगल ओपरा विन्फ्रे का भी समर्थन मिल गया है। कमला हैरिस प्रेसिडेंट की रेस में लगातार आगे बढ़ती जा रही हैं। मिशिगन में आयोजित अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के चुनावी कार्यक्रम में मीडिया दिग्गज ओपरा विन्फ्रे ने हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम में आव्रजन से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रजनन अधिकारों और बंदूक हिंसा की रोकथाम जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। हैरिस ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि, इस चुनाव में अमेरिकियों के दिमाग में जो मुद्दे हैं, उनके बारे में सीधे बात करने के लिए टाउन हॉल में ओपरा का साथ होना बहुत अच्छा है। कमला हैरिस बोलीं-हमें तय करना है अमेरिका को किस ओर ले जाना है?

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि, इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर है, अब हम लोगों के सामने सवाल यह है कि, इस मोड़ पर हम अपने देश को किस ओर ले जाना चाहते हैं? लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जब तक हम इसे बनाए रख सकते हैं, हममें से हर एक के पास इस सवाल का जवाब देने की शक्ति है। कमला हैरिस ने आगे कहा कि, हमारा अभियान इस बारे में है कि हम अमेरिकी के रूप में कौन हैं?

**हॉलीवुड की कई हस्तियां इस कार्यक्रम में हुई शामिल:** कमला हैरिस के साथ किए गए इस को शो को 'यूनाइट फॉर अमेरिका' नाम दिया गया था। इस कार्यक्रम का लाइवस्ट्रीम भी किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 दर्शक शामिल थे।

## क्या डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ेंगी कमला हैरिस?
### बहस के बाद अधिकतर सर्वे में पूर्व राष्ट्रपति से आगे निकलीं



**वॉशिंगटन।** कुछ समय पहले तक डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद की रेस में आगे चल रहे थे, लेकिन कमला हैरिस के रेस में शामिल होने के बाद हालात बदल गए हैं। अब ताजा सर्वे में पता चला है कि कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ रही हैं। हाल ही में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की बहस हुई थी, जिसमें भी कमला हैरिस का प्रदर्शन बेहतर था। अब बहस के बाद हुए विभिन्न सर्वे में कमला हैरिस को डोनाल्ड ट्रंप से आगे बताया गया है।

### राष्ट्रपति पद की बहस के बाद बढ़ी कमला हैरिस की लोकप्रियता

10 सितंबर को दोनों उम्मीदवारों के बीच राष्ट्रपति पद की बहस हुई थी। विभिन्न सर्वेक्षणों में बताया गया कि इस बहस में कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ीं थी। अब उनके बेहतर प्रदर्शन का असर ये हुआ है कि उनकी लोकप्रियता में भी उछाल आया है। रायटर्स/इप्सोस के पोल के अनुसार, 11-19 सितंबर के बीच हुए पोल में कमला हैरिस को 47 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया है।

वहीं डोनाल्ड ट्रंप को 42 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। इकोनोमिस्ट/यूगोव पोल के अनुसार भी कमला हैरिस, ट्रंप से चार प्रतिशत पॉइंट से आगे हैं।

**अधिकतर सर्वे में कमला हैरिस आगे:** राष्ट्रपति पद की बहस से पहले कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सिर्फ दो प्रतिशत पॉइंट का ही अंतर था, लेकिन अब यह अंतर बढ़कर 4-5 प्रतिशत हो गया है। खास बात ये है कि अधिकतर सर्वेक्षणों में कमला हैरिस को ही आगे दिखाया गया है। रियल क्लियर पॉलिटिक्स के सर्वेक्षण के अनुसार, कमला हैरिस को बहस से पहले अपने 78 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी ट्रंप पर 1.4 अंकों की बढ़त थी ।

## मालदीव को फिर दी भारत ने बड़ी आर्थिक मदद विदेश मंत्री मूसा जमीर दरियादिली के हुए मुरीद

**माले ।** भारत ने एक बार फिर मालदीव की सरकार को बड़ी आर्थिक मदद देते हुए पांच करोड़ डॉलर के ट्रेजरी बिल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। मालदीव सरकार की अपील पर भारत ने यह कदम उठाया।
मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 'मालदीव सरकार की अपील पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मालदीव के वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी ट्रेजरी बिल्स की मैच्योरिटी एक साल के लिए बढ़ा दी है। पहले इनकी मैच्योरिटी 19 सितंबर को होनी थी।'

**इस साल में मालदीव को दूसरी आर्थिक मदद :** गौरतलब है कि मई में भी मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर पांच करोड़ डॉलर के ट्रेजरी बिल के पहले रोलओवर को मंजूरी दी थी। इस तरह इस साल यह भारत सरकार का मालदीव के लिए दूसरा रोलओवर है। भारतीय उच्चायोग ने मालदीव को भारत का प्रमुख पड़ोसी और भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत महत्वपूर्ण साझेदार बताया।



उच्चायोग ने कहा कि भारत ने जरूरत के समय में मालदीव की सहायता की है । ट्रेजरी बिल का एक साल के लिए रोलओवर बढ़ाना मालदीव के लोगों और वहां की सरकार के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दशार्ता है।

### मालदीव के विदेश मंत्री ने की भारत की तारीफ

भारत की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रति आभार जताया और कहा है कि 'भारत सरकार की घोषणा मालदीव और भारत के बीच दोस्ती के स्थायी संबंध को प्रदर्शित करती है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में जमीर ने कहा, 'मालदीव को पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में महत्वपूर्ण बजटीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार का हार्दिक आभार। यह उदार भाव मालदीव और भारत के बीच दोस्ती के स्थायी बंधन को दशार्ता है।'



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजू के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही मालदीव और भारत के संबंधों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया है। मुइज्जू ने अपने शपथग्रहण के कुछ समय बाद ही मालदीव से भारतीय सैनिकों को निकालने का अल्टीमेटम दे दिया था। हालांकि हाल के समय में मुइज्जू सरकार के रुख में नरमी आई है और उसने भारत के साथ अपने विवाद को सुलझाने की कोशिश की है। हाल के समय में मुइज्जू कई बार भारत का दौरा कर चुके हैं। वहीं बीते दिनों भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी मालदीव का दौरा किया था।

## सेंगे हसनान ने की भारत की तारीफ

**जिनेवा ।** गिलगित-बाल्टिस्तान के प्रमुख राजनीतिक कार्यकर्ता सेंगे हसनान सेरिंग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के लिए भारत की सराहना की। कहा है कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि आशा और प्रगति का संकेत है। सेरिंग ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बढ़ती रुचि पर जोर दिया और विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान लगभग 59 प्रतिशत मतदान का जिक्र किया। दो दशक पहले जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों में 10-20 प्रतिशत के निराशाजनक मतदान से इसकी तुलना करते हुए सेरिंग ने वर्तमान आंकड़ों को एक बड़ा बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि स्थानीय लोगों में उम्मीद कायम है। वे अंततः अपनी भूमि, संसाधनों पर शासन करेंगे और भारत के सांविधानिक ढांचे के अंदर निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव जम्मू-कश्मीर के लोगों को दिए गए पूर्ण सांविधानिक अधिकारों और गारंटियों के साथ कराए गए।



## लेबनान में हमलों के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव, विभिन्न एयरलाइंस ने रद्द की उड़ानें

**तेल अवीव ।** लेबनान में पेजर्स और वॉकी टॉकी में हुए धमाकों और 30 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद पश्चिम एशिया का तनाव और ज्यादा बढ़ गया है। इस्राइल हमास युद्ध के चलते पहले ही तनाव काफी ज्यादा था, अब लेबनान की घटनाओं ने इस तनाव को कई गुना बढ़ा दिया है। यही वजह है कि हालात को देखते हुए विभिन्न एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया में अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। आइए जानते हैं कि किन एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया में अपनी उड़ानें रद्द की हैं।




**एयर अलजीरी :** अल्जीरिया की एयरलाइन एयर अलजीरी ने लेबनान के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने अगले आदेश तक सेवाएं रद्द रखने का फैसला किया है।

**एयर फ्रांस-केएलएम:** एयर फ्रांस ने 17 सितंबर से बेरुत और तेल अवीव को जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। वहीं केएलएम ने तेल अवीव से उड़ान भरने वाली सभी उड़ानें 26 अक्तूबर तक रद्द कर दी हैं। ट्रांसविया एयरलाइन ने भी 31 मार्च 2025 तक तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। वहीं बेरुत जाने वाली फ्लाइट्स तीन नवंबर तक बंद कर दी गई हैं। **एयर इंडियाः** भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने भी अगले आदेश तक तेल अवीव जाने वाली सभी उड़ानें रद्द की हुई हैं।

**कैथे पैसिफिकः** हॉन्ग कॉन्ग की एयरलाइन कैथे पैसिफिक ने तेल अवीव जाने वाली अपनी सभी उड़ानें 27 मार्च 2025 तक रद्द कर दी हैं।

**डेल्टा एयर लाइंसः** अमेरिकी एयरलाइंस डेल्टा एयरलाइंस ने न्यूयॉर्क से तेल अवीव के बीच चलने वाली फ्लाइट्स को 31 दिसंबर तक रद्द कर दिया है। **ईजी जेटः** ब्रिटेन की बजट एयरलाइन ने भी तेल अवीव की सभी उड़ानें इस साल अप्रैल में रद्द कर दीं थी और अब ये उड़ानें 30 मार्च 2025 को फिर से शुरू होंगी।

**एयर बाल्टिकः** लातविया की एयरलाइन एयर बाल्टिक ने भी पश्चिम एशिया में अपनी रिगा से तेल अवीव के बीच चलने वाली उड़ान सेवाओं को रद्द किया हुआ था।

अब हालात देखते हुए उड़ान सेवाओं के जल्द बहाल होने की उम्मीद कम है।

**लुफ्तांसा ग्रुपः** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्तांसा ग्रुप ने भी तेल अवीव और तेहरान जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं।

## 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों की जिंदगी को बेहतर बना रहा क्वाड

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के विदेश विभाग के हिंदुस्तानी लैंग्वेज की प्रवक्ता मार्ग्रेट मैक्लियोड का कहना है कि क्वाड ने अपने गठन के बाद से ही हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि क्वाड बैठक का गठन डेलावेयर में किया जा रहा है, जो कि राष्ट्रपति बाइडन का गृह राज्य है। डेलावेयर में राष्ट्रपति बाइडन क्वाड नेताओं के साथ अपने निजी रिश्तों की अहमियत बताना चाहते हैं। अमेरिकी सरकार की अधिकारी मार्ग्रेट मैक्लियोड ने कहा कि क्वाड के साझा बयान में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की बात शामिल होगी, जिसमें साइबर सिक्योरिटी, स्वास्थ्य सुरक्षा और मेरीटाइम सुरक्षा शामिल हैं।



## इस्राइल ने एक बार फिर हिजबुल्ला के ठिकानों को बनाया निशाना, हजारों रॉकेट लॉन्चर बैरल किए नष्ट

**यरूश्लम :** हिजबुल्ला का गढ़ कहे जाने वाले लेबनान में दो दिनों में पेजर और वायरलेस जैसे छोटे डिवाइसों में हुए विस्फोटों ने अफरा-तफरी मचा दी है। अभी यहां के लोग इन धमाकों से उभर भी नहीं पाए कि इस्राइल ने गुरुवार देर हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले कर दिए। सेना ने बताया लड़ाकू विमानों ने बमबारी करके उन सैकड़ों रॉकेट लॉन्चर बैरलों को नष्ट कर दिया, जिन्हे इस्राइल की ओर दागा जाना था।

### सैकड़ों रॉकेट दागे

इस्राइली रक्षा बल ( आईडीएफ ) ने कहा कि लड़ाकू विमानों ने दोपहर से लेकर देर रात तक करीब 100 रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया, जिनमें लगभग एक हजार बैरल थे। सेना ने आगे कहा कि आईडीएफ अपने देश की रक्षा के लिए हिज्बुल्ला आतंकवादी संगठन के बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को नष्ट करने के लिए हमला करना जारी रखेगा।



### लेबनान में पेजर में धमाका

लेबनान में दो दिनों में पेजर और वायरलेस जैसे छोटे डिवाइसों में हुए विस्फोटों में हिजबुल्ला के कारिंदों सहित दर्जनों लोग मारे गए। बताया जा रहा इन धमाकों में 37 मारे गए और करीब तीन हजार लोग घायल हुए थे। इन हमलों का जिम्मेदार इस्राइल को ठहराया जा रहा है।

### देर रात इस्राइल ने किया हमला

तीन लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गुरुवार देर रात की कार्रवाई में इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान में दर्जनों बम गिराए। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने हिजबुल्ला के विरोध में सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा इस्राइल

इस्राइल अब फलस्तीन के गाजा पट्टी में हमास के साथ-साथ ही उसके सहयोगी हिजबुल्ला से भी जंग कर रहा है।

पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने अचानक इस्राइल में घुसकर हमला कर बड़ी संख्या में नरसंहार किया था। जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने हमला किया।




# डी.पी.सी. होने पर नगर निगम कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त का किया धन्यवाद

## कर्मचारियों के कार्यों में ना हो विलंब, विभागीय अधिकारी रखें ध्यान : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के यूनियन पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा विभागीय अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान निगम तथा शहर हित के कई बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र तथा अन्य पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त व टीम का डिपार्टमेंटल प्रमोशन की कार्यवाही को रफ्तार देने पर धन्यवाद किया गया। कर्मचारी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो विभागीय अधिकारियों को नगर आयुक्त ने विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। समय पर नियम अनुसार समस्त कार्रवाई पूर्ण हो, अधिकारियों को आदेशित किया गया। अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आपसी समन्वय से कार्य करना, निगम के कुशल नेतृत्व को दिखाता है : नगर निगम कर्मचारी संघ ने समय-समय पर नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर कर्मचारी हित में लगातार कार्य कराया जा रहा है। विषय डीपीसी का हो या कर्मचारी का नियम अनुसार पीएफ व अन्य सभी पर समय सीमा के क्रम में कार्रवाई हो रही है, जिस पर नगर आयुक्त का बेहतर कार्य करने के लिए धन्यवाद जताया गया। 2008 के बाद नहीं हुआ पुराने रिकॉर्ड का निस्तारण, नगर आयुक्त ने कार्रवाई के दिए निर्देश : नगर आयुक्त ने उपस्थित कर्मचारियों तथा अधिकारियों से पुराने रिकॉर्ड के निस्तारण को लेकर चर्चा की जिसमें वर्ष 2008-09 में निगम के पुराने रिकॉर्ड के निस्तारण की कार्यवाही की गई थी, उसके बाद किसी प्रकार पुराने रिकॉर्ड निस्तारण की कार्यवाही नहीं हुई है। पर्याप्त स्थान न होने की वजह से पुराने रिकॉर्ड को नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए शासन आदेश के क्रम में निस्तारित करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्णय लिया गया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को कमेटी बनाते हुए सभी विभागीय अधिकारियों से समन्वय करते हुए पुराने रिकॉर्ड को निस्तारित करने के लिए कहा गया। अधिकारियों तथा कर्मचारियों की बैठक में निगम हित के साथ-साथ शहर हित पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा यूनियन के सभी पदाधिकारी को भी एकजुट होकर शहर हित में कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया। पॉलिथीन मुक्त अभियान हो या फिर टैक्स सभी में अभियान के रूप में कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए। अधिकारियों तथा कर्मचारियों के आपसी समन्वय से कार्य करने से शहर तथा निगम हित सिद्ध हो रहा है जो की कुशल नेतृत्व को दर्शाता है।

# कांग्रेस ने दलित समाज का सिर्फ तिरस्कार किया : लाल सिंह आर्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राहुल गांधी द्वारा दलित समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा ने नेहरू नगर स्थित भाजपा मुख्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। गाजियाबाद महानगर में प्रेसवार्ता का आयोजन भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के सानिध्य में क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप चौहान वाल्मीकि और महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के द्वारा किया गया। प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य एवं प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस ने 60 साल शासन करने के बाद दलित समाज का सिर्फ और सिर्फ तिरस्कार किया। आज जो तरक्की और सम्मान मोदी सरकार में दलित समाज को मिल रहा है उसके लिए मोदी सरकार बधाई की पात्र है। प्रेसवार्ता के दौरान एससी मोर्चा के वरिष्ठ नेता संत कुमार, क्षेत्र महामंत्री प्रदीप चौहान, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा प्रवीण गहलोत, महानगर अध्यक्ष एससी मोर्चा अनिल कल्याण, पूर्व महामंत्री राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।








▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक पूर्व अध्यक्ष का अंदाज ही है बहुत खास? जो कुछ कहना होता है वो स्पष्ट कह देते हैं, नहीं करते हैं भेदभाव? उन्होंने भाजपा नेता पवन गोयल को बता दिया शहर सीट से मजबूत दावेदार? कहा वैश्य फैक्टर पर ये चेहरा है काफी मजबूत? जनता के बीच में भी है इनका वजूद? पार्टी के साथ भी है इनका पुराना इतिहास? इसलिए इनको इस बार नहीं किया जाना चाहिए नजर अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बड़े वाले भगवा पंडित जी ने छोटे वाले भगवा पंडित जी को दिया परम ज्ञान? कहा विरोध की मशालें जो जलाता आया है, हुआ है हमेशा उसका ही काम? कहने वाले ने कहा कि बड़ा भा रहा था छोटे पंडित जी को उनका ये संदेश? आजकल इन पंडित जी का भी है क्रान्तिकारी फेस? ये भी सोच रहे हैं क्रान्ति करके ये पहुंच जायेंगे अपनी मंजिल के पास? सुना है जब ये उपदेश चल रहे थे, तब मास्टर जी के चेहरे पर आ रही थी मुस्कुराहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बहुत ही सौम्य वैश्य चेहरे देख रहे हैं एजूकेटिड वाले एमएलसी बनने का ख्वाब? सुना है वो अपना ये ख्वाब लेकर गये थे अपनी ही बिरादरी के बड़े नेता के पास? जैसा वो जवाब चाह रहे थे, वैसी पूरी नहीं हुई उनकी उम्मीद? सामने वाले बिरादरी के ब्रदर ने कहा कि आपकी राहों में है लोहे के कांटे? आप भगवा सिम्बल से ज्यादा करो निर्दलीय चुनाव की तैयारी? मुझे पता है कि यहां पर आपका संघर्ष काम नहीं आयेगा? इसलिए एडवांस में दे रहा हूं आपको जानकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुख्यमंत्री के कार्यकर्ता वाले कार्यक्रम में नहीं बुलाये जाने को लेकर नाराज नजर आ रहे हैं पार्टी के कई फेस? हर कोई अपने दिल के उद्गार निकाल कर दे रहा है तरह-तरह के संदेश? सुना है ब्लड वाले कैम्प में कमांडर के सामने भी रखे थे अपने कुछ नाराजगी के विचार? सुना है मौके पर मौजूद गर्ग साहब ने शब्दों की गुगली डालकर मामले को ठंडा कर दिया यार? इससे पहले बढ़ती और भी ज्यादा बात? गर्ग साहब ने वर्मा जी से कहा, जल्दी से रेडी हो जाओ और भी कार्यक्रमों में चलना है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किभगवागढ़ के एक पंजाबी दावेदार इस वक्त बहुत ज्यादा साईलेंट मोड पर नजर आ रहे हैं यार? सुना है उनके इस साईलेंस पर गर्ग साहब भी कर रहे थे विचार? कहने वाले कह रहे थे उनका ये साईलेंस है आने वाले तूफान की शांति? जब पोस्टर फाड़कर आयेगा उनका नाम सामने? दूर हो जायेगी इस तरह की भ्रांति?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा क्रान्तिकारी पवन मावी राजनीति के हैं फ्रेंड खिलाड़ी? उन्हें रहती है राजनीति की परिवर्तित होती हुई परिस्थितियों की तमाम जानकारी? यही वजह है कि उन्होंने शहर विधानसभा सीट से कर दिया है अपनी धर्मपत्नी लक्ष्मी मावी की दावेदारी की वापसी का ऐलान? उन्होंने दे दिया है संदेश कि ओबीसी फैक्टर पर फिलहाल पार्टी नहीं दे रही है ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको दे रहे हैं बहुत ही अंदर का पैगाम? शहर सीट पर पंजाबी वाली दावेदारी में बहुत ही मजबूती से सामने आ रहा है पूर्व पार्षद हिमांशु लव का नाम? सुना है जब से चलाया है उन्होंने पंजाबी चैनल? तबसे मजबूत हुआ है उनकी उम्मीदवारी का पैनल? शीर्ष के गलियारों में भी हुई है उनके नाम पर बात? अगर पंजाबी फैक्टर पर बन गई इनकी बात? तो फिर ज्यादा हैरान मत होना आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चाबी खो जाने वाले भगवा बॉबी जी के दिल में है सिर्फ कमांडर की ही तस्वीर? चेहरों के सामने तो करनी ही पड़ती है उनके मतलब की बात? अगर किसी को खुश करने के लिए दो शब्द त्यागी जी ने क्या कह दिये? तो क्या बिगड़ गया साहब? हम अतीत में जाकर डालें कुछ गतिविधियों पर नजर? जब कमांडर और किसी को चुनने की बारी आई थी? तब उन्होंने जनरली मोड दिया था अपना रूख कमांडर के इधर? कौन भूलेगा विधायक जी के कार्यालय पर टिकट वाले कोहराम की बात? उस वक्त था उन पर बहुत बड़ा प्रेशर? और वो खड़े थे डटकर कमांडर के साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से सदस्यता अभियान में नंबर नौ पर आया है गाजियाबाद का नाम? तब से कई चेहरों ने देना शुरू कर दिया है अपनी तरह का पैगाम? खुल कर नहीं लेकिन जब भी मिलते हैं तो चेहरे पर मुस्कुराहट लाकर करते हैं नौ नंबर पर खिसकने की बात? ऐसा लगता है जैसे कलेजे को ठंडक मिली हो बेहिसाब? अब हमारी है भगवा कमांडर पर नजर? इन मुस्कुराहटों का देखना अब ये है वो देंगे किस अंदाज में जवाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दावेदारी वाली दौड़ में भगवा गोयल साहब को कितना मिलेगा साहब का साथ? इस बार इस बात पर हमने नजरे टिका दी हैं बेहिसाब? क्या पहले की तरह दिखाई देगा मझधार वाला सीन? या फिर साहब करेंगे गोयल साहब की राहें क्लीन? कहने वाले ने कहा आज भी गोयल साहब के दिल में है साहब के लिए प्यार बेशुमार? देखना अब ये है कि साहब कितना करायेंगे उनके नाम पर विचार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## शोक सभा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ओबीसी मोर्चा बृजभूषण चावड़ा के पिता रवि प्रकाश चावड़ा का निधन बीते दिनों हो गया था। उनकी शोक सभा क्षेत्र में आयोजित की गई। स्वर्गीय रवि प्रकाश चावड़ा की शोक सभा और रसम पगड़ी में शहर के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर शोक व्यक्त किया। सभी ने स्वर्गीय रवि प्रकाश चावड़ा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेख गर्ग शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए।

# तिरुपति के लड्डू में जानवरों की चर्बी को लेकर ब्राह्मण महासभा सेवा समिति ने दिया ज्ञापन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ब्राह्मण महासभा सेवा समिति के प्रदेश सचिव अविनाश शर्मा ने बताया कि जगनमोहन रेड्डी और देवस्थानम के चेयरमैन के खिलाफ शिकायत दर्ज.करा रहे हैं। थाना साहिबाबाद में ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव ने ज्ञापन सौंपा और कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। तिरुपति बालाजी के प्रसाद में पशुओं की चर्बी एवं मछली का तेल मिलाकर हिंदू समाज के साथ खिलवाड़ किया गया है। कार्रवाई हेतु पुलिस को ज्ञापन दिया और उचित कार्रवाई की मांग की है। सरकार में जिस प्रकार तिरुपति बालाजी का देवस्थानम को चेयरमैन बनाया था जो की सनातन धर्म से नहीं आता। कहीं ना कहीं सनातन धर्म को नष्ट करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। इस अवसर पर चौधरी सचिन डगर, पंडित गिरीश मिश्रा, अमित मिश्रा, अभिषेक पंडित, अंकित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया पुतला दहन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अमेरिका में सिख धर्म के खिलाफ दिए गए बयान के विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देशन में अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का साहिबाबाद मेट्रो स्टेशन और घंटाघर शहीद भगत सिंह की मूर्ति के समक्ष पुतला फूंका और विरोध प्रदर्शन किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी भाजपा प्रदीप चौधरी ने दी। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर संयोजक सरदार बलप्रीत सिंह के नेतृत्व में बुधवार को सिख समाज के लोगों ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान सिख पंजाबी वेलफेयर सोसायटी व गुरुद्वारा समिति के सिख व पंजाबी समाज, महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा टीम के अधिकांश लोग शामिल हुए। पुतला दहन के दौरान सभी वक्ताओं ने एक सुर में कहा हम कांग्रेस द्वारा 1984 में दिए गए जख्मों को भूले नहीं हैं। सिख धर्म और उसकी महान परंपराओं को अपमानित करने वालों को कड़ा सबक सिखाया जायेगा।

इस दौरान सरदार बलप्रीत सिंह, सरदार योगेन्द्र सिंह, रमन दीप, मनु सिक्का, कुलवंत सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद मदन राय, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र भड़ाना, हर्ष दीप बाटला, अमित जैन, हरदिश सिंह, हरसिमरन सिंह, हरपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह, हरजीत सिंह, सरदार पवन, रंजीत सिंह, विपुल जैन, विनय जैन, पुनेश जैन, पुनीत जैन दीपक जैन योगेश जैन गुरप्रीत सिंह चन्नी, रोहित जैन इसरार आलम आदि मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम पार्षद मदन राय और उनकी पत्नी अनिता राय ने अपनी लाडली बिटिया समीक्षा राय के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद शुभाशीष प्रदान किए। परम पिता परमेश्वर से अपनी बिटिया समीक्षा के लिए दुनिया की सारी खुशियां मांगी। बेटी के सर्व मंगल सफलता की कामना करते हुए सभी से उसके लिए आशीर्वाद शुभाशीष मांगा। बिटिया के हैप्पी बर्थडे की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कवि नगर जोन अंतर्गत अवैध पार्किंग वसूली पर हुई कार्रवाई, अज्ञात के विरुद्ध निगम ने कराई एफआईआर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कवि नगर जोन के बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया, अमृत स्टील कंपाउंड इंडस्ट्रियल एरिया में आरटीओ कार्यालय की अवैध पार्किंग वसूली पर कड़ी कार्रवाई की गई तथा अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गई। मौके पर कवि नगर जोन के कर अधीक्षक आशुतोष, टैक्स इंस्पेक्टर अनिल तथा निशा उपस्थित रहे जिनके द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए हो रही अवैध वसूली पर कार्रवाई की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि कवि नगर जोन अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र आरटीओ कार्यालय के बाहर की पार्किंग के ठेके की अवधि समाप्त हो चुकी है, उसके बाद भी अवैध रूप से पार्किंग की वसूली हो रही है। कवि नगर जोन की टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर देवेंद्र तथा नितिन दो व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से गाजियाबाद नगर निगम की फर्जी पार्किंग बुक छपवाकर वसूली की जा रही थी जिसको तुरंत रोका गया तथा संबंधित के विरुद्ध एफआईआर भी कराई गई। सभी जोन में इस प्रकार की कार्रवाई ना हो जोनल प्रभारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिकने प्रभारी पार्किंग तथा विभाग की अन्य टीम को भी सचेत रहने के लिए कड़े निर्देश दिए। शहर में अवैध पार्किंग वसूली को लेकर कड़ी कार्रवाई हो जिसके लिए योजना बनाते हुए जोनल स्तर से कार्य करने के लिए कहा गया है।

गाजियाबाद नगर निगम के पार्किंग स्थलों पर भी निरंतर टीम द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए समय-समय पर जांच की जाए निर्देश दिए गए हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।